डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.६२ आर.एन.आई.संख्या ४०३६७/८४ नेट संस्करण www awajdarpan.com पर पढ़ें

साप्ताहिक

# आवाज दर्पण

प्रत्येक रविवार

बस्ती (उ.प्र.) वर्ष ४९ अंक २४ रविवार ०२ जून से ०८ जून २०२४ मूल्य तीन-रुपये

## पूर्वानुमानों में तीसरी बार मोदी सरकार



**नई दिल्ली (आभा)।** सातवें चरण के मतदान के साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 की मतदान प्रक्रिया संपन्न हो गई। शाम छह बजे तक मतदान हुआ। उसके बाद शाम करीब साढ़े छह बजे से एग्जिट पोल जारी होने शुरू हो गए। लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। नतीजों से पहले आज शाम को अलग–अलग मीडिया चौनलों और सर्वे एजेंसियों की तरफ से एग्जिट पोल जारी किए। देश में किस पार्टी की सरकार बन सकती है? किस पार्टी को कितनी सीटें मिल सकती हैं?

एबीपी–सी वोटर के एग्जिट पोल के अनुसार, आंध्र प्रदेश में 21–25 सीटें एनडीए जीत सकती है। तेलंगाना में भाजपा 7–9 सीटें, कांग्रेस 7–9, एआईएमआईएम 0–1 सीटें जीत सकती है। वहीं कर्नाटक में एनडीए 23–25, इंडी गठबंधन 3–5, अन्य शून्य सीटें जीत सकते हैं।

न्यूज24– टुडेज चाणक्य के एग्जिट पोल के अनुसार, छत्तीसगढ़ में सभी 11 सीटें भाजपा को मिल सकती हैं। उत्तराखंड में सभी पांचों सीटें भाजपा को मिल सकती हैं। गुजरात में भी 26 सीटों पर भाजपा कब्जा कर सकती है। तीनों ही राज्यों में कांग्रेस का खाता खुलता नहीं दिख रहा है।

टीवी9 के अनुसार, तमिलनाडु में भाजपा–2, डीएमके–21 और अन्य को शून्य सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं कर्नाटक में एनडीए–20, कांग्रेस को 8 सीटें मिल सकती हैं।

रिपब्लिक टीवी मैट्रिज के एग्जिट पोल के अनुसार, महाराष्ट्र में एनडीए को 30–36, इंडी गठबंधन 13–19, वहीं अन्य को शून्य सीटें मिल सकती हैं।

एबीपी सी वोटर में, तमिलनाडु में एनडीए को 0–2 सीटें, इंडी गठबंधन 37–39 सीटें, अन्य को शून्य सीटें मिलने का अनुमान जताया है।

रिपब्लिक टीवी पीएमएआरक्यू के अनुसार, एनडीए को 359, इंडी गठबंध न को 154, अन्य को 30 सीटें मिल सकती हैं।


टीवी9 के अनुसार केरल में एनडीए एक सीट, यूडीएफ –16, एलडीएफ–3 और अन्य को शून्य सीटें मिल सकती हैं।

एबीपी सी वोटर ने आंध्र प्रदेश के लिए एनडीए को 21–25, वाईएसआरसीपी को 4, कांग्रेस– 0, अन्य को भी जीरो सीटें मिलने का अनुमान जताया है।

रिपब्लिक टीवी मैट्रिज और पीमारक्यू के एग्जिट पोल में एनडीए को 353–368 सीटें, इंडिया गठबंधन को 118–133 सीटें दी हैं। अन्य को 43–48 सीटें मिल सकती हैं।

टीवी9 के तमिलनाडु के एग्जिट पोल में एनडीए को 22.43 प्रतिशत वोट शेयर दिया गया है। वहीं इंडिया गठबंधन को 42 प्रतिशत और एआईएडीएमके को 12 प्रतिशत वोट शेयर दिया गया है। स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स के द्वारा किए गए सर्वे में एनडीए 400 के आंकड़े को छूती नजर आ रही है। सर्वे एजेंसी का दावा है कि उसने 20 लाख से अधिक लोगों की राय जानने की कोशिश की है। हर लोकसभा सीट पर कम से कम 3000 लोगों तक पहुंचने का दावा किया है। एग्जिट पोल के अनुमान अगर परिणाम में बदलते हैं तो बिहार की काराकाट सीट से पवन सिंह चुनाव हार रहे हैं। वहीं, रायबरेली और वायनाड सीट से राहुल गांधी चुनाव जीत रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से कंगना रनौत को बढ़त दिख रही है। हमीरपुर सीट भी बीजेपी के खाते में जाती दिख रही है। एग्जिट पोल के पूर्वानुमान के मुताबिक. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह चुनाव जीतते दिख रहे हैं। दिल्ली से कन्हैया कुमार के लिए एग्जिट पोल झटका साबित हो सकता है।

## यूपी के एग्जिट पोल में भाजपा को 62 सीटे





**लखनऊ (आभा)।** यूपी की 80 सीटों पर सात चरणों में हुए लोकसभा चुनाव अब खत्म हो गए हैं। स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स माम की एजेंसी की मानें तो यूपी की 80 सीटों में से 62 पर भाजपा जीत मिल रही है। वहीं इंडिया गठबंधन के खाते में 18। एग्जिट पोल में हार रहे ओपी राजभर के बेटे अरविंद, ब्रजभूषण के बेटे करण भूषण मिल रही जीत।

घोसी, केसरगंज, कैराना और सहारनपुर लोकसभा सीट से कौन जीतेगा इसका फैसला 4 जून के परिणाम आने के बाद ही पता चल पाएगा। लेकिन इससे पहले आए एग्जिट पोल के जरिए जनता के मूड को भांपने की कोशिश की गई है। स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स के सर्वे के मुताबिक घोसी में ओपी राजभर के बेटे अरविंद राजभर हार रहे हैं। तो वहीं, केसरगंज से ब्रजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह को जीत मिलती दिख रही है। इसके अलावा कैराना से इकरा हसन और सहारनपुर से इमरान मसूद भी हार रहे हैं।

स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स नाम की एजेंसी ने 20 लाख सैंपल साइज के बीच देश भर में सर्वे का दावा किया है। इस सर्वे में एआई का भी इस्तेमाल किया गया है। सर्वे की माने तो यूपी की 80 सीटों में से 62 सीटों पर भाजपा जीतती नजर आ रही है। जबकि 18 सीटों पर सपा–कांग्रेस गठबंधन को जीत मिल रही है। वहीं, बसपा की बात करें तो इस बार उसका खाता भी नहीं खुल रहा है। 2019 के चुनाव में जो सीटें सपा–बसपा गठबंधन के पास थीं वह सीट भी इस बार भाजपा के खाते में जाती दिख रही है। सहारनपुर से इंडिया गठबंधन के इमरान मसूद और कैराना से इकरा हसन को भी हार मिल रही है।

## खरगे का दावाः इण्डिया गठबंधन को मिलेंगी 295 से अधिक सीट



**नई दिल्ली (आभा.)।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के दलों के नेताओं ने शनिवार को कांग्रेस अध यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर अनौपचारिक बैठक कर लोकसभा चुनाव की मतगणना से जुड़ी तैयारियों एवं रणनीति चर्चा की। बैठक में तृणमूल कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) शामिल नहीं हुई। इस मीटिंग के बाद मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन 295 सीटों से ज्यादा जीतने जा रहा है। मालूम हो कि आज सातवें फेज की वोटिंग हो रही है और शाम साढ़े छह बजे के बाद एग्जिट पोल के नतीजे आने लगेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, शनिवार को हमारी बैठक हुई, जिसमें ढाई घंटे तक कई विषयों पर चर्चा हुई। खासतौर पर चुनाव परिणाम के समय क्या–क्या कठिनाइयां आ सकती हैं और कैसे उसे ठीक करना है। कार्यकर्ताओं को क्या–क्या निर्देश दिए जाने हैं, इस पर भी चर्चा हुई। इंडिया गठबंधन 295 से ज्यादा सीटें आ रही हैं। इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। यह हमारा सर्वे नहीं, बल्कि जनता का सर्वे है। हमारे नेताओं को जो जानकारी मिली है, उस आधार पर आपको बताया गया है।''

खरगे के आवास '10 राजाजी मार्ग' पर आयोजित इस बैठक में खरगे, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और के.सी. वेणुगोपाल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) के प्रमुख शरद पवार, आम आदमी पार्टी के प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव शामिल हुए। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी. राजा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, द्रमुक के टी.आर. बालू, झारखंड मुक्त मोर्चा के नेता एवं झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, शिवसेना (यूबीटी) के अनिल देसाई, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के नेता दीपांकर भट्टाचार्य और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने भी इस बैठक में भाग लिया। खरगे ने बैठक का वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, 'मतगणना वाले दिन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए 'इंडिया' के घटक दलों के नेताओं ने अनौपचारिक बैठक की। लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता बेहद सतर्क हैं। मैं उनमें से प्रत्येक को उनकी सम्मानजनक उपस्थिति के लिए धन्यवाद देता हूं। श् उनका कहना था, ''हमने अपनी पूरी ताकत से लोकसभा चुनाव लड़ा है और सकारात्मक परिणाम को लेकर आश्वस्त हैं, क्योंकि भारत के लोगों ने हमारा समर्थन किया है। बदलेगा भारत, जीतेगा इंडिया।'' कांग्रेस ने अपनी राज्य इकाइयों को फॉर्म 17सी को लेकर सतर्क रहने को कहा है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने पहले ही कह दिया था कि वह इस बैठक में शामिल नहीं हो सकेंगी। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को 'मैं संभवतरू नहीं जाऊं क्योंकि मेरी मां की आंख की सर्जरी हुई है।'' यह बैठक उस दिन हुई जब लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण के लिए वोट पड़ रहे हैं।

## बैंक शिविर में कैदियों ने खुलवाये खाते

**संवाददाता–बस्ती ।** जनपद के लीड बैंक के सहयोग से जिला कारागार बस्ती में बैंक शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी ने किया। जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी, मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस की उपस्थिति में बैंक की टीम द्वारा बंदियों के खाते खुलवाने, के0वाई0सी0 अपडेट कराने आदि कार्य सम्पन्न हुए।

इस अवसर पर कारागार अधीक्षक अंकेक्षिता श्रीवास्तव, कारापाल अपूर्व व्रत पाठक, उप कारापालगण समेत लीड बैंक के प्रबन्धक आर0एन0 मौर्य, एस0बी0आई के प्रबंधक नरेन्द्र कुमार, बड़ौदा यू0पी0 बैंक के प्रबंधक पूर्णिमा पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। इस कैम्प में 8 बंदियों द्वारा नया खाता खुलवाया गया, 3 बंदियों द्वारा चेकबुक के लिए आवेदन किया गया।

सीधा साधा सच्चा लिख,जो भी लिख, पर पक्का लिख।
मत लिख इनके–उनके जैसा, केवल अपने जैसा लिख।।
– बालसोम गौतम

डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.62 R.N.I. 40367/84

साप्ताहिक
आवाज दर्पण
प्रत्येक रविवार

# धन और राजनीति का संगम

इसे सौभाग्य या प्रगति तो नहीं कहा जा सकता। क्या ऐसा होता है कि किसी भी तरह से कमाए गए धन और लोकतांत्रिक तरीके के इस्तेमाल से प्राप्त राजनीतिक सत्ता का घालमेल हो जाए और कुछ भी न किया जा सकता हो? एक ऐसा नशा हो जाए जिसका उतरना सामान्य परिस्थितियों में संभव न हो। एक तो करेला और ऊपर से नीम चढ़ा जिसे जिसकी लाठी उसकी भैंस भी कह सकते हैं। हमारे देश के सब से बड़े धनपतियों में से एक अडानी समूह है जिसका विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक, व्यापारिक और औद्योगिक साम्राज्य है। प्रगति में उनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता। परंतु प्रश्न यह है कि क्या केवल इसी आधार पर इस समूह को वह सब करने की छूट मिलनी चाहिए जो अनुचित है, दुरुपयोग करने के दायरे में आता है और एक बहुत बड़े क्षेत्र और वहां रहने वालों के लिए जीवन भर की त्रासदी बन जाता है। विषय यह है कि समूह ने योजना बनाई कि खनिज पदार्थों से मालामाल, अनुपम सौंदर्य से भरपूर वन संपदा तथा प्राकृतिक संसाधनों की भरमार वाले झारखंड राज्य के एक आदिवासी बहुल इलाके में पॉवर प्लांट लगाया जाए। बहुत अच्छी बात है। इसके लिए 295 हैक्टेयर भूमि चाहिए थी और ऐसे इलाके का चयन कर लिया जाता है जहां कोयले का अपार भंडार है जो पॉवर प्लांट के लिए जरूरी है। इसमें वन्य भूमि 141, निजी स्वामित्व वाली 137 और सरकारी 17 हैक्टेयर है और वह भी ज्यादातर जंगल है। अब यहां शुरू होता है धन और राजनीति के संगम का खेल जिसके चतुर खिलाड़ी वे सब पांसे फैंकते हैं जिससे उनकी विजय सुनिश्चित हो। इनके सामने वे लोग हैं जिन पर प्रकृति की धरोहर को नष्ट न होने देने की जिम्मेदारी है। इनमें आदिवासी, किसान, वन से प्राप्त होने वाली उपज पर निर्भर तथा सीधे–सादे ग्रामीण हैं जिनकी आजीविका का साधन यही वन हैं। लगभग 50 लाख लोग इस क्षेत्र पर निर्भर हैं। इन्हें इस बात का भी पता नहीं है कि सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार देश के संविधान ने उन्हें दिया हुआ है। वे अपनी जमीन और जंगल को बचाने के लिए संघर्ष की मुद्रा में आ जाते हैं। किसी भी कीमत पर वे प्रकृति की अनोखी विरासत को न छीन लिए जाने के लिए एकजुट हो जाते हैं। अपनी शक्ति भर कोशिश करते हैं। आंदोलन होते हैं लेकिन तुलसीदास की कही बात कि 'समरथ को नहि दोष गुसाईं' सिद्ध होने लगती है। इस बीच पड़ोसी देश बंगलादेश से बिजली देने का करार हो जाता है जिसका उत्पादन इस पॉवर प्लांट से किया जाएगा। इधर सरकारी ऋणदाता पॉवर फाइनांस कारपोरेशन और रूरल इलैक्ट्रिफिकेशन कारपोरेशन उदार शर्तों पर फंडिंग कर देते हैं। कोयले की खदानों पर कब्जा और उनका दोहन करने के प्रबंध हो जाते हैं। प्लांट के लिए पानी चाहिए तो भू जल यानी अंडरग्राऊंड वाटर निकालने की तैयारी कर ली जाती है। एक ओर जलाशय भरते हैं तो दूसरी ओर जमीन सूखने लगती है। मतलब यह कि कृषि चौपट, स्थानीय आबादी की आमदनी के साधन लुप्त और कुदरत की मार झेलने की मजबूरी का व्यापक प्रभाव पडना निश्चित हो जाता है। एक आंकड़ा है कि यदि 10 अमीर भारतीय अपनी पूंजी का 10 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च करें तो देश के विद्यार्थियों को पच्चीस वर्ष तक प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा मुफ्त में मिल सकती है। इसी तरह अगर सिर्फ एक प्रतिशत टैक्स उनसे अधिक लिया जाए तो बेरोजगारों और कामगारों की किस्मत बदल सकती है। वास्तविकता यह है कि इन्हीं अमीरों को सभी तरह की छूट, कर्ज से मुक्ति और बैंकों को चूना लगाकर विदेश भाग जाने की सहूलियत बड़े आराम से मिल जाती है। ऐसा नहीं है कि केवल धनाढ्य ही इस सूची में हैं। हमारे धार्मिक नेता भी हैं। स्वामी नित्यानन्द 10 हजार करोड़ के मालिक हैं और देश से भाग कर कैलाश नाम से एक नए हिंदू राष्ट्र की स्थापना करने की कल्पना साकार करने लगे। स्वामी रामदेव, मां अमृतानंदमयी, श्री श्री रविशंकर भी हजारों करोड़ की नैटवर्थ रखते हैं। यह सूची बहुत लंबी है और इसमें आसाराम से लेकर राम रहीम तक शामिल हैं। यह कैसी सामाजिक व्यवस्था है जो 100–50 करोड़ के अनेक घर कुछ लोगों के लिए खरीदना बाएं हाथ का खेल बना देती है। नाबालिग के हाथ में करोड़ों की कार की चाबी थमा देती है, निर्दोषों की नृशंस हत्याएं करने वाले को मसीहा बनाने पर तुल जाती है, जघन्य अपराध करने वालों को कोई सबूत या गवाह न मिलने पर खुला छोड़ देती है और घोषित आतंकवादी की रिहाई के लिए न्याय व्यवस्था को निरीह बनाने की कोशिश करती दिखाई देती है। इसके विपरीत देश की तीन चौथाई आबादी अभाव की कड़वी दवाई पीने के लिए विवश है। ऐसा तो निपट पूंजीवादी और पूरी तरह से साम्यवादी देशों में भी देखने को नहीं मिलता। अगर कहीं मिलता है तो हमारे जैसे देश में जहां चाहे अधिनायकवाद न हो या सम्राटों की परंपरा समाप्त हो गई हो अथवा प्रजातांत्रिक देश होने का दंभ घुट्टी में यानी पैदा होते ही पिलाया जाता होय कुछ भी, कभी भी और कहीं भी हो सकता है। यहां सब कुछ मुमकिन है लेकिन सामान्य नागरिक, जैसे कि वह पराधीन हो, उसकी रिहाई या राहत मिलना नामुमकिन है।

# जल रही धरती का जिम्मेदार कौन.?





—डॉ. आशीष वशिष्ठ—

आम चुनाव की सातवें आखिरी चरण वोटिंग से एक दिन पहले उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से दुखद खबर सामने आई। यहां हीट स्ट्रोक से चुनाव ड्यूटी में लगे 12 सहित 20 लोगों की मौत हो गई। वहीं 30 से अधिक लोगों का इलाज मंडलीय अस्पताल समेत अन्य चिकित्सालयों में चल रहा है।

बीते दिनों बिहार के स्कूलों में 300 छात्र अत्यधिक गर्मी से बेहोश हो गए? शिक्षक और पूर्व सांसद तक अचेत हो गए। अंततरू मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सभी स्कूल बंद करने का आदेश देना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा को कवर करता हुआ एक टीवी पत्रकार भी बेहोश हो गया। यह दीगर है कि प्रध ाानमंत्री ने तुरंत अपनी टीम के लोगों को उसकी मदद करने को कहा।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि जलवायु परिवर्तन और प्रकृति से अनावश्यक छेड़छाड़ और अत्यधिक दोहन के जानलेवा दुष्परिणाम अब साफ तौर पर दिखने लगे हैं। पिछले लगभग एक महीने से देश के एक दर्जन से ज्यादा प्रदेशों चिलचिलाती गर्मी से जनमानस बेहाल है। दिल्ली ही नहीं, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई जैसे महानगरों में 'ताप प्रभाव और सूचकांक' पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहा है। गर्मी का ऐसा प्रचंड प्रभाव है कि सडकों पर दौड़ रहे वाहनों के टायर पिघल रहे हैं। नतीजतन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस उबलती गर्मी के मानवीय दुष्प्रभाव भी हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, भारतीय शहरों का स्वरूप पिछले कुछ दशकों में काफी बदला है। यहां की हरियाली में दिनों–दिन कमी आ रही है। धड़ल्ले से पेड़ काटे जा रहे हैं। इमारतों की संख्या बढ़ रही है। घरों में एसी का इस्तेमाल बढ़ रहा है। पक्की सड़कों का विस्तार तेजी से हो रहा है। और यही वजह है कि तापमान भी उसी रफ्तार में बढ़ रहा है। ऐसे में शहर को अब श्र्अर्बन हीट आइलैंडश या फिर 'हीट आइलैंड' कहा जाने लगा है। अगर हवा की गति कम है तो शहरों को अर्बन हीट आइलैंड बनते आसानी से देखा जा सकता है। शहरों में जितनी ज्यादा जनसंख्या होगी, हीट आइलैंड बनने की गुंजाइश उतनी ही ज्यादा होगी। जब हम शहरों की सीमा पार करते हैं, हमें राहत महसूस होती है। शहरों में बढ़ते निर्माण कार्यों और उसके बदलते स्वरूप के चलते हवा की गति में कमी आई है।

शहरों में बढ़ते तापमान को लोग ग्लोबल वार्मिंग से जोड़ कर देखते हैं। लेकिन इसके लिए सिर्फ वह ही जिम्मेदार नहीं है। अगर हम शहरों का अध्ययन करें तो हमें पता चलता है कि जमीन का बदलता उपयोग भी इसकी बड़ी वजह है। तारकोल की सड़क और कंक्रीट की इमारत ऊष्मा को अपने अंदर सोखती है और उसे दोपहर और रात में छोड़ती है। नए शहरों के तापमान तेजी से बढ़ रहे हैं। पहले से बसे महानगरों की तुलना में ये ज्यादा तेजी से गर्म हो रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन पर बनी संयुक्त राष्ट्र की संस्था आईपीसीसी ने कहा है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग को नहीं रोका गया तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। संस्थान की ओर से वर्ष 2018 में जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनियाभर के देशों को इस पर तुरंत लगाम लगाने की जरूरत है। अगर ऐसा नहीं होता है तो 2030 तक धरती के कई हिस्से रहने लायक नहीं होंगे। रिपोर्ट कहती है कि अगर तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस भी बढ़ता है तो इससे वंचित और कमजोर आबादी सबसे ज्यादा प्रभावित होगी। उन्हें भोजन की कमी, आमदनी, महंगाई, आजीविका के साध ान, स्वास्थ्य और जनसंख्या विस्थापन की समस्याएं झेलनी पड़ सकती हैं।

भारत उन देशों की कतार में खड़ा है जो इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। देश की आबादी बड़ी है और यहां आर्थिक रूप से असमानता ज्यादा है। रिपोर्ट जिस अस्थिरता की बात कर रही है, अगर वो नहीं रोकी गयी तो भारत पर इसका असर विनाशकारी हो सकता है– न केवल सामाजिक रूप से बल्कि राजनीतिक रूप से भी। अगर ग्लोबल वार्मिंग की वजह से समुद्र का जल स्तर बढ़ता है तो देश के कई हिस्से बर्बाद हो जाएंगे। तटीय क्षेत्रों में रहने वाले और आजीविका के लिए समुद्र पर निर्भर रहने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अभी देर नहीं हुई है। अगर तापमान को बढ़ने से रोका गया तो संभावित क्षति को कम किया जा सकता है।

रिपोर्ट में एक उपाय सुझाया गया है कि जिन देशों में कार्बन का उत्सर्जन ज्यादा है, वो इसे कम करने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करें। रिपोर्ट का दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि अगर लक्ष्यों को हासिल नहीं किया गया तो 2050 तक दुनिया को कार्बन का उत्सर्जन रोकना होगा। भारत ने भी यह तय नहीं किया है कि वह कार्बन उत्सर्जन को रोकने से जुड़े लक्ष्यों को कब तक हासिल करेगा। जबकि चीन ने यह लक्ष्य 2030 तय किया है। भारत अभी 2050 की रणनीति विकसित कर रहा है। देश अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में विकास करने की सोच रहा है लेकिन यह आसान नहीं होगा। बड़े स्तर पर अक्षय ऊर्जा को संग्रहित करने के लिए उपायों की जरूरत होगी, जो बहुत महंगी हो सकती है। उदाहरण के लिए बड़े पैमाने पर बैटरी की जरूरत होगी, लेकिन इनकी कीमतों में तेजी से कमी नहीं आने के कारण लक्ष्य आसान नहीं दिख रहे हैं।

भारत पर पर्यावरण के लिए घातक गैसों को रोकने का दबाव है। यहां पानी की समस्या भी बढ़ रही है, यह उसके लिए चुनौती है। देश सूखे, बाढ़, चक्रवात और दूसरी प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है। देश के पास एक बेहतर आपदा प्रबंधन की टीम है, लेकिन इसे और मजबूत करने की जरूरत दिख रही है। भारत ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भी अपना लक्ष्य तय किया है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि ये लक्ष्य हासिल कैसे किए जाएंगे और इस दिशा में अगला कदम क्या होगा।

भारत के सामने दूसरी बड़ी चुनौती है परिवहन तंत्र की। वर्तमान में देश की सड़कों पर बड़ी संख्या में साइकिल और रिक्शे दौड़ रहे हैं। लेकिन जैसे ही लोगों की आमदनी बढ़ती है, वो तुरंत मोटर साइकिल और स्कूटर खरीद लेते हैं। कारों को लेकर क्रेज भी भारतीयों में खूब है। वित्तीय कंपनियां सस्ते कर्ज पर कार खरीद को बढ़ावा दे रही है। इस समस्या के समाधान के लिए भारत को इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना होगा। साथ ही इसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क को दुरुस्त करना होगा। रेल और दूसरे उपायों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने की जरूरत है, लेकिन यह सब कुछ आसान नहीं दिख रहा है। क्योंकि इसे बेहतर करने के लिए तकनीक और पैसे की कितनी जरूरत होगी, यह स्पष्ट नहीं है। सिर्फ लक्ष्य तय किए गए हैं, पर ये हासिल कैसे होंगे, इसकी योजना तैयार नहीं है। सिर्फ भारत ही नहीं दक्षिण एशिया के दूसरे देश भी इन्हीं योजनाओं की कमी से जूझ रहे हैं।

हमें बदलते मौसम के अनुसार अपना खाना–पीना और कपड़े पहनने का तरीका बदलने की जरूरत होती है। ऐसे हादसे इसलिए भी होते हैं क्योंकि हम अपनी जिंदगी में जरूरी बदलाव नहीं करते। राजस्थान में अमूमन तापमान 45 डिग्री सेल्सियस होता है लेकिन लेकिन वहां लोग सिर ढके बिना बाहर नहीं निकलते। वहां पीने का पानी हर जगह मौजूद होता है। वो पानी पीने के बाद ही घर से बाहर निकलते थे। वो लोगों को जबरन पानी पिलाते हैं। उन्होंने गर्मियों के मुताबिक अपनी जीवनशैली में जरूरी बदलाव भी किए हैं। बाकियों को उनसे सीखना चाहिए। अगर उत्तर भारत में आप धूल भरी आंधी के वक्त घर से बाहर निकलते हैं तो निश्चित तौर पर खध्तरे में होंगे। इसलिए आपको सारी चीजें सोचने–समझने के बाद ही घर से बाहर निकलना चाहिए।

# प्रधानमंत्री की मौन साधना पर गरमाई राजनीति



**नई दिल्ली (आभा)।** प्रधानमंत्री तमिलनाडु के कन्याकुमारी में 45 घंटे की मौन साधना कर रहे हैं। आज उनके ध्यान का दूसरा दिन है। पीएम ने शुक्रवार सुबह सूर्य को अर्घ्य देकर अपनी साधना की शुरूआत की। प्रशासन की ओर से भी उनकी सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए हैं। इसके बाद वह विवेकानंद रॉक मेमोरियल के पास तमिल संत तिरुवल्लुवर की प्रतिमा को माल्यार्पण किया बता दें कि प्रधानमंत्री की यह साधना 1 जून की शाम तक चलेगी। वहीं विपक्ष ने इसे चुनावी हथकंडा बताया है और चुनाव आयोग से इसकी मीडिया कवरेज पर रोक लगाने की मांग भी की थी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री के कन्याकुमारी में साधना करने जाने को लेकर तंज कसते हुए कहा कि अगर आपमें आस्था है तो आप अपने घर पर कीजिए। राजनीति और धर्म को एक साथ नहीं लाना चाहिए यह हमेशा अलग – अलग रखने चाहिए। शुक्रवार को एएनआई से बात करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एक धर्म का आदमी आपके साथ हो सकता है दूसरे धर्म का नहीं यह गलत बात है। चुनावों के साथ धार्मिक भावनाएं नहीं जोड़नी चाहिए। प्रधानमंत्री कन्याकुमारी में अपने धार्मिक क्रियाकलाप करने गए हैं वहां पर कितने पुलिसवालों की ड्यूटी लगी होगी कितना पैसा खर्च हो रहा होगा? इस तरह का दिखावा करना देश के लिए हानिकारक ही होगा।

जाने माने अभिनेता और आसनसोल से टीएमसी के उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा ने भी प्रधानमंत्री मोदी की मौन साधना पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि मैं उन्हें अच्छी तरह जानता हूं। वो किसी साधना के लिए नहीं बल्कि मीडिया की अटेंशन पाने के लिए वहां गए हैं। इससे पहले भी वे केदारनाथ इसी वजह से गए थे। सिन्हा ने कहा कि ये चुनाव प्रचार करने का एक नया तरीका भर है। मोदी जी ने सारे हथकंडे अपना लिए अब उनके पास आखिरी रास्ता यही बचा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी प्रचार को खत्म करने के बाद तमिलनाडु के कन्याकुमारी में ध्यान करने के लिए गए हुए हैं, वह ध्यान मंडपम में साधना कर रहे हैं यह वही जगह है जहां पर कभी स्वामी विवेकानंद ने पूरा भारत घूमने के बाद साधना की थी। ऐसा माना जाता है कि उन्हें यहां पर ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसके बाद उन्होंने दुनियाभर में घूम–घूमकर भारत, भारत माता और भारतीय दर्शन का प्रचार किया।

चुनावों के बाद पीएम मोदी की यह आध्यात्मिक यात्रा पहली बार नहीं है। 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद पीएम शिवाजी के प्रतापगढ़ और 2019 के बाद उत्तराखंड में स्थित केदारनाथ की गुफा में साधना करने के लिए पहुंचे थे, पीएम के कहीं जाने से उस क्षेत्र के पर्यटन को जबरदस्त रफ्तार मिलती है और पर्यटकों की संख्या में जबरदस्त इजाफा होता है।

# बस्ती में प्रचण्ड गर्मी ने तोड़े पुराने रेकार्ड, डीएम ने दिये निर्देश



**संवाददाता–बस्ती।** जिले में गर्मी सारे रिकॉर्ड ध्वस्त करती नजर आ रही है। शुक्रवार को जहां अधिकतम तापमान का पारा 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, वहीं गुरुवार को भी अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पर टिका रहा। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार अभी आसमान से आग बरसनी जारी रहेगी।

इस सप्ताह गर्मी ने पुराने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गौर करने वाली बात यह है कि न्यूनतम और अधिकतम तापमान में सामान्य दिनों की तुलना में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हुई है। 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास टिका अधिकतम पारा बीते पांच दिनों में बढ़कर 44 डिग्री तक पहुंच गया है। सूर्य देवता की तपिश संग झुलसाती गर्मी ने लोगों की आम दिनचर्या को प्रभावित कर दिया है। गर्मी के आगे बेबस लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। सुबह सात बजे से ही मौसम गर्म होना शुरू हो जा रहा है। गुरुवार को भी तीखी धूप व गर्म हवाओं के कारण लोग पूरे दिन परेशान रहे। चिकित्सक लोगों को सिर और हाथ–पैर ढंककर घर से बाहर कर निकलने की सलाह दे रहे हैं। इसके अलावा पानी की बोतल भी साथ लेकर चलें। कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। जिससे तेज गर्मी (लू) से राहत के आसार नहीं हैं।

वर्तमान समय में पारा 43 डिग्री सेल्सियस के दृष्टिगत आमजन को हीट–वेव (लू) से बचाव हेतु जिला प्रशासन द्वारा समुचित प्रबन्ध किये गये हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने हीट वेव/लू से बचाव के लिए संबंधित जनपदीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि अपने विभागीय स्तर से बचाव व राहत कार्य तत्काल सुनिश्चित करें।

# मक्के की आड़ में नेपाली टूथपेस्ट की तस्करी: डीसीएम चालक हिरासत में



**संवाददाता–बस्ती।** सोनहा थानाक्षेत्र के असनहरा पुलिस चौकी पर पकड़ी गई डीसीएम में मक्के के आड़ में नेपाली टूथपेस्ट तस्करी का मामला सामने आया है। वाणिज्य कर के असिस्टेंट कमिश्नर विकास गुप्ता व सीमा शुल्क आयुक्त कार्यालय लखनऊ की सयुंक्त टीम ने डीसीएम पर लगे त्रिपाल को हटवाया। अंदर मक्के का बोरा मिला और उसके नीचे गत्ते में नेपाली टूथपेस्ट बरामद हुई। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय कीमत बाजार में करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। लखनऊ से आई कस्टम की टीम ने डीसीएम के साथ ही चालक को अपने कब्जे में ले लिया और लखनऊ रवाना हो गई। सीमा शुल्क लखनऊ हेडक्वार्टर की टीम के अधीक्षक आरजी राम ने बताया कि डीसीएम में किसान ट्रेडर्स के नाम से मक्का की रसीद है। जिसे सिद्धार्थनगर से दिल्ली भेजा जा रहा था। लेकिन उसके नीचे काफी मात्रा में गत्ते रखे मिले, जिसके अंदर नेपाली टूथपेस्ट बरामद हुआ।

बताया कि लखनऊ की टीम को इस बात का इनपुट मिला था कि एक डीसीएम में नेपाल से तस्करी का माल दिल्ली भेजा जा रहा है। इसके बाद से हमारी टीम लगातार हाईवे व अन्य स्थानों पर तलाशी में जुटी रही। लेकिन वाहन रास्ते में नहीं मिला। इसके बाद टीम गुरुवार को सिद्धार्थनगर जा रही थी। रास्ते में बस्ती जिले की सोनहा पुलिस से संपर्क किया गया तो पता चला कि बुधवार को ही इस डीसीएम को पुलिस ने संदेह के आधार पर कस्टडी में ले लिया था और इसकी जानकारी वाणिज्य कर विभाग को दे दी थी।

वाणिज्य विभाग की जीएसटी टीम असनहा चौकी पर पहुंची थी और जांच–पड़ताल के बाद गाड़ी को पुलिस हिरासत में देकर बस्ती रवाना हो गई थी। पूछताछ में पता चला था कि अंदर साबुन, शैम्पू और टूथपेस्ट लदा है। गुरुवार को अग्रिम कार्रवाई के लिए टीम पहुंचने वाली थी। इसी बीच लखनऊ से कस्टम की टीम भी इसी डीसीएम को तलाशते हुए सोनहा पहुंच गई और नेपाल से तस्करी कर टूथपेस्ट दिल्ली ले जाने की बात सामने आई। जीएसटी टीम ने वाहन व उसमें रखे माल को सीमा शुल्क लखनऊ की टीम को हैंडओवर कर दिया। टीम गाड़ी व माल को कब्जे में लेकर लखनऊ हेडक्वार्टर के लिए रवाना हो गई।


सीमा शुल्क लखनऊ हेडक्वार्टर की टीम के अधीक्षक आरजी राम ने बताया कि लखनऊ पहुंचने के बाद इस बात की भी जांच की जाएगी कि डीसीएम में लदा मक्का भारत का है या नेपाल का। उसे चेक कराकर आगे की कारवाई की जाएगी। कार्रवाई सीमा शुल्क के इंस्पेक्टर डीएस यादव, अंकित मल्ल, सिपाही राकेश सुधीर व चौकी इंचार्ज असनहरा जयशंकर पांडेय मौजूद रहे। बता दें कि सोनहा थाने की असनहरा चौकी की पुलिस की टीम ने बुधवार की सुबह करीब नौ बजकर 30 मिनट पर थानाक्षेत्र के दुबौली चौराहे पर संदिग्ध अवस्था में खड़ी डीसीएम को कब्जे में लिया था। डीसीएम के साथ हिरासत में लिए गए चालक की पहचान इंद्रजीत निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी के रूप में हुई।

अफसरों की पूछताछ में उसने बताया कि उसे सिर्फ मक्का लोड करने के लिए बुलाया गया था। सोनहा थानाक्षेत्र के दुबौली चौराहे के एक गोदाम के पास एक ट्रक आया और उसमें रखा गत्ता उतारकर डीसीएम में रखवा दिया गया। इसके अलावा नेपाल से सामान आने के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## पुलिसकर्मी पर हमला मामले में 5 वर्ष की सजा

**संवाददाता–बस्ती।** फॉस्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि की अदालत ने पीआरबी पुलिस कर्मी के ऊपर जानलेवा हमला करने के मामले में मुंडेरवा थानाक्षेत्र के गंगौरा गांव निवासी अखिलेश को पांच वर्ष का सश्रम कारावास व 7500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं अदा करने पर 18 माह 15 दिनों की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। शासकीय अधिवक्ता वेदप्रकाश पांडेय व अमर बहादुर पाल ने अदालत को बताया कि पांच अक्टूबर 2020 को डॉयल–112 पर सूचना मिली। सूचना पर पीआरबी के प्रभारी रविंद्र राय, कांस्टेबल चालक सत्येंद्र नाथ यादव व अन्य पुलिसकर्मी थालापार शिवमंदिर पर पहुंचे तो मंदिर पर एक व्यक्ति मिला। उस आदमी ने लोहे के त्रिशूल को उठाकर जान से मारने की नीयत से चालक सत्येंद्र नाथ यादव के ऊपर वार कर दिया। अन्य पुलिस कर्मियों की मदद से आरोपी अखिलेश को थाने लाया गया। उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। न्यायाधीश ने साक्ष्य के आधार पर अखिलेश को जानलेवा हमला करने के मामले में दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

# भीषण गर्मी से वाराणसी में महाश्मशान पर टूटे रिकॉर्ड, आंकड़ा 400 पार



**वाराणसी (आभा)।** वाराणसी में भीषण गर्मी ने जहां 140 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है वहीं मौतों का सिलसिला भी तेजी से बढ़ रहा है। स्थिति यह हो गई है कि यहां के पोस्टमार्टम हाउस पर शव रखने की जगह नहीं है। शवों को पोस्टमार्टम हाउस के बाहर ही जहां–तहां रखना पड़ रहा है। शिवपुर स्थित पोस्टमार्टम हाउस के बाहर ही चार शव शुक्रवार की सुबह रखे दिखाई दिए। इनके परिजन भी हैरान परेशान रहे। महाश्मशान मणिकर्णिका पर भी शव दाह के पिछले सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं। आम तौर पर एक दिन में सौ या सवा सौ शव ही आते थे अब यहां 400 से ज्यादा शव आ रहे हैं। शवों की संख्या अचानक बढ़ने से जगह की भी कमी हो गई है। शवदाह के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।


गुरुवार को ही अकेले वाराणसी और आसपास के नौ जिलों में सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। यह आकड़ा वह है जो अस्पतालों तक पहुंचा था। कहा जा रहा है कि इससे बहुत ज्यादा भी मौते हुई हैं। वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर आसपास के जिलों से भी लोग शव दाह के लिए आते हैं। ऐसे में यहां शवों की कतार लग रही है। जगह की कमी के साथ ही लकड़ी की कीमत भी बढ़ गई है।

अंतिम संस्कार कराने वाले डोम राजा ओम चौधरी के अनुसार अचानक गर्मी के चलते शवो की संख्या बढ़ी है। जहां एक हफ्ते पहले सौ के आसपास शव आते थे, अब 400 से ज्यादा आ रहे हैं। शव के साथ आने वालों के कारण पतली गलियों और घाट पर व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गई हैं। लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। मणिकर्णिका घाट की ओर जाने वाली गली के दुकानदार भी लगातार शवों को देखकर हैरान हैं।

# समाजवादियों ने जयंती पर महारानी अहिल्याबाई होल्कर को किया नमन्: योगदान पर विमर्श

**संवाददाता–बस्ती ।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महारानी अहिल्याबाई होल्कर को उनके 298 वीं जयंती पर याद किया गया। जिला उपाध्यक्ष जावेद पिण्डारी ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर एक बहादुर, निडर और महान योद्धा थीं। उन्होंने अपने शासन के दौरान प्रजा के हित के लिए अनेक कार्य किये। कहा कि उनको हमेशा से एक बहादुर, आत्मनिष्ठ, निडर महिला के रूप में याद किया जाता है। वे अपने समय की सर्वश्रेष्ठ योद्धा रानियों में से एक थीं, जो अपनी प्रजा की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहती थीं. इतना ही नहीं उनके शासन काल में मराठा मालवा साम्राज्य ने काफी ज्यादा नाम कमाया था. जनहित के लिए काम करने वाली महारानी ने कई हिंदू मंदिर का निर्माण भी करवाया था, जो आज भी पूजे जाते हैं।

सपा नेता अरविन्द सोनकर ने कहा कि अहिल्याबाई एक दार्शनिक और कुशल राजनीतिज्ञ थीं इसी वजह से उनकी नजरों से राजनीति से जुड़ी कोई भी बात छुप नहीं सकती थी।



महारानी की इन्हीं खूबियों के चलते ब्रिटिश इतिहासकार जॉन कीस ने उन्हें 'द फिलॉसोफर क्वीन' की उपाधि से नवाजा था। जानकारी के मुताबिक महारानी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में हुआ था, जिसे वर्तमान में अहमदनगर के नाम से जाना जाता है। सपा नेता

कार्यक्रम में राम सिंह यादव, जर्सी यादव ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने एक छोटे से गांव इंदौर को एक समृद्ध एवं विकसित शहर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने यहां पर सड़कों की दशा सुधारने, गरीबों और भूखों के लिए खाने की व्यवस्था करने के साथ–साथ शिक्षा पर भी काफी जोर दिया। अहिल्याबाई की बदौलत ही आज इंदौर की पहचान भारत के समृद्ध एवं विकसित शहरों में होती है। जयंती पर अहिल्याबाई होल्कर को नमन् करने वालों में मुख्य रूप से सपा नेता बब्लू खान, हारीश गौतम,सुशील यादव,दिनेश तिवारी,बलवंत यादव,अशोक यादव,अरविंद सोनकर, दिनेश तिवारी, राम बृक्ष यादव, विवेक यादव,अमित गौड़,फूलचंद भारती, अरुण मिश्रा के साथ ही सपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री के आध्यात्मिक सनातन से विपक्ष घबरा जाता है –चिराग पासवान



**संवाददाता–अयोध्या।** लोकसभा चुनाव का शोर जैसे ही रुका देश के नेता भगवान के चरणों में समर्पण के लिए पहुंचने लगे इसी क्रम में लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान अपने परिवार के साथ प्रभु श्री राम की जन्माष्टमी अयोध्या पहुंचे जहां उन्होंने श्री राम लला के दर्शन पूजन के पहले उनके परम भक्त हनुमान जी महाराज के दरबार में पहुंचकर माता टेका दर्शन पूजन की और आरती उतारे उसके उपरांत वह श्री राम जन्मभूमि परिसर में विराजमान रामलला के दरबार में पहुंचे जहां दर्शन पूजन करने के उपरांत निर्माणाधीन मंदिर का भी दर्शन किया और अपने पूरे परिवार के साथ फोटो भी लिए।

दर्शन पूजन के उपरांत उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके है और मैं बहुत बड़ा भाग्यशाली था जो उसे दिन अयोध्या में रहने का अवसर प्राप्त हुआ और इच्छा थी कि पूरे परिवार के साथ दर्शन करूं भगवान ने वह भी इच्छा पूरी कर दी। उन्होंने कहा कि देश में महत्वपूर्ण समय चल रहा है राजनेताओं के दिमाग में तमाम तरह की बातें हैं लेकिन देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब कल्याण योजनाओं पर विश्वास रखती है पूरे देश में प्रधानमंत्री की लहर चल रही है और निश्चित ही हम लोग 400 के लक्ष्य को पार करेंगे। पासवान ने कहा विपक्ष सनातन को नहीं मानता शक्ति और विनाश की सोच रखता है। प्रधानमंत्री कन्याकुमारी ध्यान साधना पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मौन से भी विपक्ष परेशान है प्रधानमंत्री आध्यात्मिक सनातन में विश्वास रखते है और जो लोग सनातन के विनाश के बारे में सोचते हैं उनको वह ऊर्जा प्राप्त नहीं होगी, एक बार फिर अयोध्या में खुद को बताया मोदी का हनुमान, बोले प्रधानमंत्री के प्रति हमे है अटूट विश्वास ,मेरा और प्रधानमंत्री का रिश्ता है अटूट और खूबसूरत, जिसकी मर्यादा हमेशा प्रधानमंत्री ने बना कर रखी,हमने भी इसी सोच के साथ आगे रखने का किया है।

# दद्दन यादव की मौत के मामले में डीएम और एसपी को जांच का आदेश



**संवाददाता–देवरिया।** बरहज थाना अंतर्गत सतराव चौकी के एक दारोगा ने मामूली विवाद होने पर एक दद्दन यादव की पिटाई की थी। आरोप है कि इस पिटाई से उसकी मौत हो गई। वहीं, मामले में अब मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए देवरिया के डीएम और एसपी को जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही 11 जुलाई 2024 तक जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा है। बता दें कि पिछले दिनों बरहज थाना अंतर्गत सतराव चौकी के दरोगा वीरेंद्र कुशवाहा और अन्य पुलिसकर्मियों ने दद्दन यादव को बुरी तरह पीट दिया था, जिससे उसकी इलाज के द्वारा दौरान मौत हो गई थी। इस मामले की शिकायत इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता डॉ. गजेंद्र सिंह यादव ने मानवाधिकार आयोग में दर्ज कराई थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने जांच के आदेश दिए हैं।

अधिवक्ता का कहना है कि हमें उम्मीद है कि जांच निष्पक्ष होगी और दोषियों पर कार्यवाही होगी। जांच में प्रशासन का पूरा सहयोग किया जाएगा, लेकिन अभी तक आरोपी पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी न होना आश्चर्य की बात है। जांच से पहले उक्त लोगों की गिरफ्तारी होनी चाहिए, ताकि वह जांच व साक्ष्यों को प्रभावित न कर सकें। यदि समय रहते गिरफ्तारी नहीं होती है तो हम जल्द ही उच्च न्यायालय जाकर गिरफ्तारी और उचित जांच की मांग करेंगे।

अधिवक्ता ने कहा कि मृतक की तीन बेटियां हैं तथा परिवार में वह अकेला कमाने वाला था। अतः जिला प्रशासन से उम्मीद की जाती है कि पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद भी की जाए, ताकि उसके परिवार को भरण पोषण की समस्या न हो।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंग को ठेका देने वाला अभ्यर्थी गिरफ्तार



**संवाददाता–बलरामपुर।** पुलिस भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वालों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। देवरिया से उस अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है जिसने परीक्षा पास कराने का ठेका साल्वर गैंग को दिया था। शहर की पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए एक महीने से मशक्कत कर रही थी। बृहस्पतिवार की शाम को पुलिस ने देवरिया में डेरा डाल दिया था और उसके घर के बाहर से ही गिरफ्तारी की। अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि पूरे मामले में दो और लोगों की तलाश हो रही है।

बीते 18 फरवरी को जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर करीब 15 हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। उसी दिन परीक्षा में साल्वर गैंग से जुड़े दो लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। बलुहा चौकी प्रभारी अविरल शुक्ल ने उसी दिन बिहार के मुंगेर जनपद के असरगंज थाना क्षेत्र के मनगरवा निवासी सॉल्वर नितिश कुमार को पकड़ा था। उस समय नितिश देवरिया के थाना भटनी क्षेत्र के पड़ौली गांव निवासी उपेंद्र यादव के स्थान पर परीक्षा देते धरा गया था। पुलिस के हाथ उपेंद्र नहीं लग सका था। एएसपी के निर्देश पर बनी शहर की टीम ने उपेंद्र की छानबीन किया तो बीते माह से उपेंद्र घर पर नहीं था। उसका लोकेशन बृहस्पतिवार को पुलिस को मिला। चौकी प्रभारी अविरल अपनी टीम के साथ देवरिया रवाना हुए और घेराबंदी करके साल्वर गैंग को परीक्षा पास कराने का ठेका देने वाले उपेंद्र यादव को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को आरोपित को न्यायालय पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वहीं, अब पुलिस दो और आरोपितों की तलाश में जुट गई है, माना जा रहा है कि पुलिस भर्ती परीक्षा में नकल कराने की पूरी योजना में उन दोनों की अहम भूमिका है।

# चुनाव कराने गए गोंडा के होमगार्ड जवान की मिर्जापुर में मौत



**संवाददाता–गोण्डा।** जिले में तैनात होमगार्ड जवान लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण में चुनाव कराने मिर्जापुर गया था। पोलिंग पार्टी रवाना होनी थी। इसी बीच अचानक उसकी तबीयत खराब हुई। तत्काल उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। घर पर सूचना पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जिले में तैनात होमगार्ड मिर्जापुर में लोकसभा के अंतिम चरण का मतदान करने के लिए गया था। पोलिंग पार्टी रवाना होने से पहले भीषण गर्मी के कारण होमगार्ड की तबीयत बिगड़ गई। तत्काल उसे वहां पर मौजूद जवान अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। बता दें कि 1 जून को लोकसभा चुनाव के सातवें चरण का मतदान होना है। इसके लिए दूर दराज से आए हुए कर्मियों को विद्यालय में रोका गया था। जहां से उन्हें मतदान स्थल के लिए रवाना होना था। चुनावी ड्यूटी के लिए गोंडा से 644 जवान मिर्जापुर गए हुए थे।

गोंडा के नगर कंपनी प्रथम के जवान अरुण कुमार श्रीवास्तव पुत्र बिजलेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव की भरूहना स्थित घनश्याम दास बीमानी कॉलेज मिर्जापुर में गर्मी से तबीयत खराब हो गई। मौके पर मौजूद साथियों ने जवान के तबीयत खराब होने की सूचना अधिकारियों को उपलब्ध कराई। इसके बाद होमगार्ड जवान अरुण कुमार श्रीवास्तव को मिर्जापुर के अस्पताल पहुंचाया गया।

लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने जवान की स्थिति का जायजा लेने के बाद हृदय गति रुकने से निधन की बात कही। जवान के निधन की सूचना मिलने पर कमांडेंट वंदन सिंह ने पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर से बात करके सहायता दिलाई। वही बताया जा रहा है कि निर्वाचन आयोग के नियमानुसार जवान को 15 लाख रुपए और मुख्यमंत्री कोष से पांच लाख रुपए सहायता दी जाएगी। 50 वर्षीय मृतक जवान गोंडा जिले के बड़गांव के रहने वाले हैं।

# ट्रेनों का संचालन ठप होने से यात्री हुए हलकान, स्टेशन अधीक्षक से नोकझोंक

**संवाददाता—महराजगंज।** जिले में गुरुवार देर शाम आई तेज आंधी व बारिश से सिसवा—गोरखपुर मुख्य रेल मार्ग के ओएचई लाइन पर जगह—जगह पेड़ गिर जाने के बाद से ही ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से ठप है। शुक्रवार को भोर में सिसवा स्टेशन पर पहुंची डाउन सवारी गाड़ी 05450 के यात्रियों के सब्र का बांध तब टूट गया। जब करीब साढ़े आठ बजे तक स्टेशन अधीक्षक ने संचालन बहाली की कोई सूचना प्रसारित नहीं की। गुस्साए यात्री स्टेशन अधीक्षक के कमरे पर पहुंचकर आवागमन बहाल होने की जानकारी लेने लगे। तभी उनके बीच के लिए नोकझोंक शुरू हो गई। कप्तानगंज से आए हुए आरपीएफ के जवानों ने यात्रियों को समझाबुझाकर कर शांत कराया। ट्रेनों का संचालन करीब साढ़े दस बजे शुरू हुआ। तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली।

गुरुवार को सिसवा स्टेशन के दक्षिणी छोर पर गेट संख्या 25 बीसी के पास गिरे पेड़ को कप्तानगंज से टावर वैगन मंगवाकर देर रात किसी तरह से हटवाया गया। इसके बाद सिसवा तक के संचालन को बहाल कराया गया। लेकिन सिसवा—गुरली रमगढ़वा हाल्ट स्टेशन के बीच में भी पेड़ गिरने से आवागमन शुक्रवार को बाधित रहा। जिससे ट्रेन में सवार यात्री उमस भरी गर्मी व भूख—प्यास से बिलबिला उठे और उनके सब्र का बांध तब टूट गया, जब सुबह साढ़े आठ बजे तक स्टेशन अधीक्षक ने ट्रेन में सवार यात्रियों को आवागमन से संबंधित कोई सूचना प्रसारित नहीं दी।इससे लोग नाराज होकर स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार कुशवाहा के पास पहुंचे, जहां नोकझोंक हो गई। ट्रेन में सवार यात्री नरकटियागंज निवासी मीरा कुमारी अहमदाबाद से गुरुवार की शाम गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंचीं। तब तक एक्सप्रेस ट्रेन छूट गई। फिर ये लोग डाउन सवारी गाड़ी संख्या 05450 पर सवार हुए। लेकिन देर शाम आई तेज आंधी व बारिश में जगह—जगह रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से ट्रेनों का संचालन ठप हो गया। गोरखपुर से चली सवारी गाड़ी घुघली में रात नौ बजे खड़ी रही। जो सिसवा तक के मुख्य रेल मार्ग में गिरे पेड़ को हटाए जाने के बाद भोर में चार बजे चलकर सिसवा स्टेशन पर चार बजकर सत्रह मिनट पर पहुंचीं। बगहा निवासी यात्री बाल्मीकि सोनी ने बताया कि वह गुरुवार को वाराणसी से भतीजे का इलाज कराकर लौटे और घर जाने के लिए सवारी गाड़ी पर बैठे। लेकिन आवागमन ठप होने से फंस गए। नरकटियागंज निवासी राजेश्वर शाह ने बताया कि वह अपना इलाज कराने के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर आए थे। सवारी गाड़ी पर बैठे लेकिन आवागमन ठप होने के कारण सिसवा स्टेशन पर ही घंटों रुके रहे। वहीं सिसवा क्षेत्र में भट्ठे पर कार्य करने वाले मजदूर अपने परिजनों के साथ वापस बिहार राज्य के गया जाने के लिए ट्रेन से निकले। उन लोगों ने स्टेशन पर बैठकर रात गुजारा। साढ़े दस बजे राहत कार्य पूरा होने के बाद ट्रेनों का संचालन बहाल किया गया। तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली और अपने गंतव्य स्थान को निकले।

इस आवागमन के ठप होने से सिसवा में डाउन सवारी गाड़ी 05450, खड्डा में अमृत भारत एक्सप्रेस, पनियहवा में अप सवारी गाड़ी 05095, कप्तानगंज में 12558 डाउन सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस खड़ी रही।

सुनील कुमार कुशवाहा, स्टेशन अधीक्षक ने कहा कि ट्रेनों के आवागमन के लिए लगातार राहत कार्य किया गया। साढ़े दस बजे राहत कार्य पूरा हो जाने के बाद आवागमन को बहाल करा दिया गया।

# गर्मी हुई जानलेवा, अब तक पांच की मौत

**संवाददाता—श्रावस्ती।** तराई में चढ़ रहे पारे के साथ ही मौत का सिलसिला भी तेजी से चल पड़ा है। गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार सुबह तक जहां अलग—अलग कारणों से मासूम व महिला सहित पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे बहराइच रेफर किया गया है। परिवार के लोग जहां मौत का कारण गर्मी बता रहे हैं। वहीं, चिकित्सक मौत का कारण अलग—अलग बीमारी बता रहे हैं। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मछरीहवा निवासी कंधई लाल (79) पुत्र अवध राम की गुरुवार शाम अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। परिजन उसे एम्बुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा लाए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार के लोग मौत का कारण भीषण गर्मी बता रहे थे। जबकि चिकित्सक ने मौत का कारण हार्ट अटैक बताया। इसी तरह मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बहोरवा निवासी नूर मोहम्मद (80) पुत्र मेंहदी को अचानक तेज बुखार की शिकायत हो गई। परिजन उसे एम्बुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा लाए। जहां हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज बहराईच रेफर कर दिया। वहीं, सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम लदोहवा निवासी रामसुमिरन (60) पुत्र द्वारका प्रसाद को अचानक सांस लेने में समस्या होने पर संयुक्त जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इलाज से पूर्व उसकी मौत हो गई। सिरसिया के ही जोगागांव निवासी सफीकुन (18) पुत्री हारून को शुक्रवार सुबह सांस में तकलीफ के बाद संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा लाया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मल्हीपुर खुर्द निवासी गुलाम रसूल (70) पुत्र अजमत अली को सांस में तकलीफ के बाद शुक्रवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जहां उसने दम तोड़ दिया। इन सभी मौत के लिए परिजन जहां गर्मी को जिम्मेदार बता रहे हैं। वहीं, चिकित्सक मौत का कारण हार्ट अटैक बता रहे हैं। गिलौला थाना क्षेत्र के लखना गांव निवासी शबाब (8 माह) पुत्र सरोज को रात में उलटी दस्त की शिकायत के बाद सीएचसी गिलौला लाया गया। जहां हालत में सुधार न होता देख चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज बहराइच रेफर किया था। जिसकी बहराइच ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। लगातार एक के बाद एक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। एसीएमओ डॉ. दिनेश सिंह का कहना है कि इस समय गर्मी अधिक पड़ रही है जिसका असर दिल पर पड़ रहा है। बहुत जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें। धूप का चश्मा व सिर ढकना कदापि न भूलें। सभी अस्पताल मे पर्याप्त दवाएं मौजूद हैं इसलिए छोलाछाप के चक्कर में पड़ कर समय न बर्बाद करें। मरीज को अस्पताल ले जाएं ताकि उसे बचाया जा सके।

# खेत की खुदाई के दौरान मटके में मिले मुगलकालीन सिक्के

**संवाददाता—संतकबीरनगर।** बेलहर थानाक्षेत्र के लोहरौली मिश्र गांव में एक खेत की जेसीबी से खुदाई के दौरान सिक्के से भरा एक मटका मिला है। मटके में सिक्के मिलते ही मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीण उसे उठा ले गए । सूचना पर पंहुचे तहसील प्रशासन ने सिक्कों की बरामदगगी करवाते हुए सील करवा दिया। पुरातत्व विभाग से सिक्के की जांच कराया जाएगा। सिक्के पर उर्दू व फारसी भाषा में लिखे मुगल बादशाहों के नाम से इसे मुगलकालीन होने का अंदेशा जताया जा रहा है। सिक्के किस धातु के बने है इसके लिए कयासों का दौर चल रहा है। मटका भरा सिक्का मिलना पूरे दिन गांव में कौतूहल का विषय बना रहा। सभी सिक्कों को लेकर अपना—अपना नजरिया रखते नजर आए। बेलहर थानाक्षेत्र के लोहरौली मिश्र गांव में बीते दिनो एक खेत की खुदाई हो रही थी। इसी दौरान जेसीबी मशीन एक मटके से जा टकराया। जेसीबी चालक ने तत्काल मशीन रोक दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने देखा कि मटका सिक्के से भरा हुआ है। सिक्के पर उर्दू, फारसी भाषा पर लिखावट के साथ ही मुगल बादशाहों के नाम लिखे थे। कुछ लोग सिक्कों को कीमती जान इसे अपने घर उठा ले गए। पूरे मामले की तहसील प्रशासन को हुई। एसडीएम के निर्देश पर तहसील प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे। 168 चांदी के सिक्के की बरामदगी किया। कुछ सिक्के अभी तक ग्रामीणों ने वापस नहीं किए हैं जिसकी वापसी को लेकर तहसील प्रशासन प्रयास कर रहा है। बरामद सिक्कों को तहसील प्रशासन ने सील कर अपने कब्जे में ले लिया। इन्हें पुरातत्व विभाग को सौंपा जा रहा है। पूरे मामले की वृहद जांच पुरातत्व विभाग के द्वारा की जाएगी। अरुण कुमार, एसडीएम मेंहदावल ने कहा कि बरामद सिक्कों को सील कर ट्रेजरी में जमा कराया जा रहा है। पुरातत्व विभाग को इसकी जानकारी दी गई है। पुरातत्व विभाग के जांच के बाद ही सिक्कों के बारे में स्पष्ट सही जानकारी सामने आएगी। कुछ सिक्के अभी तक बरामद नहीं हुए हैं।

अगर इन सिक्कों की वापसी नहीं होती है, तो संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# 33 लाख का गबन करने के आरोपी गए जेल

**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी से खाता खुलवाकर 33 लाख रुपये हड़पने की आरोपी महिला और पुरुष को पुरानी नौगढ़ चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाने पर लाकर पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। शहर कोतवाल गौरव कुमार सिंह के मुताबिक तीन गांव में स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को धोखाधड़ी करके एक ही महिला का कई खाता खोलवाकर रुपये हेराफेरी के हड़पने की शिकायत हुई थी। इसमें एक सीएफसी संचालक और एक महिला जो खाता खुलवाने और रुपये की हेराफेरी के मामले में धोखाधड़ी सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया गया। इसमें एक सदस्य का पांच से छह खाता खुलवाया था। कुल 111 बैंक खाते समय में आए हैं, जिसमें 33 लाख रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर करने की बात सामने आई है। केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी थी। पुरानी नौगढ़ चौकी प्रभारी अनूप कुमार को जानकारी मिली की आरोपी अनीता निवासी बर्डपुर नंबर 11 टोला बरगदही थाना व सोमनाथ निवासी रेहरा थाना सदर को गिरफ्तार कर लिया गया। थाने पर लाकर पूछताछ करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पकड़ने वाली टीम में पुरानी नौगढ़ चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्र आदि शामिल रहे। आरोपी अनीता एवं सोमनाथ मालती ग्राहण सेवा केंद्र संचालक की ओर से गांव की विभिन्न महिलाओं को योजनाबद्ध तरीके बहला फुसलाकर धोखे से विभिन्न समूहों के फाइनेंस बैंकों में लोन का खाता खुलवाकर लोन की धनराशि को समूहों की महिलाओं से अंगूठा लगवाकर स्वयं अपने बैंक के खाता में हस्तांतरित कर लेते थे। जिससे समूहों की वास्तविक खाता धारकों तक लोन की धनराशि न पहुंचता। उक्त खाता खुलवाने के लिए अनीता एवं सोमनाथ फर्जी आधारकार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र तैयार कर समूहों की महिलाओं के साथ योजनाबद्ध तरीके से छल करते हुए धोखाधड़ी करते।

# डॉक्टर पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोश

**संवाददाता—संतकबीरनगर।** सीएचसी हैसर बाजार पर इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे एक डॉक्टर पर शुक्रवार को कई लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास तो शुरू की लेकिन एक सप्ताह का समय बीतने के बाद भी उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। जिससे डॉक्टरों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि अगर रविवार तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सोमवार को वह ओपीडी बंदकर आमरण अनशन पर बैठेंगे। तहसील क्षेत्र के सीएचसी हैंसर बाजार में डॉक्टर राजेश त्रिपाठी बीते शुक्रवार को इमरजेंसी ड्यूटी पर थे। सुबह 7रू30 बजे हैंसर बाजार निवासी शीत बसंत, अनूप सहित आठ लोग एक मरीज को लेकर पहुंचे और अपने मनमानी दवा करवाने के लिए दबाव बनाने लगे। जब डॉक्टर ने कहा कि उपचार हम अपने हिसाब से करेंगे। इसपर मरीज के साथ आए लोगों ने डॉक्टर के ऊपर हमला कर दिया और मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पुलिस ने मामले में बसंत, अनूप सहित आठ लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा तो दर्जकर लिया , लेकिन लगभग एक सप्ताह का समय बीतने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी। इसको लेकर डॉक्टरों में आक्रोश है। अधीक्षक डॉ रमेश सोनकर का कहना है कि पुलिस एक सप्ताह का समय मांगी थी जो कल पूरा हो रहा है। हम दो दिन का और समय देते हैं रविवार तक अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सोमवार को हम लोग मजबूर होकर आमरण अनशन पर बैठेंगे और ओपीडी को बंद कर देंगे। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# राम मंदिर के प्रथम तल पर भी होगा अष्टकोणीय गर्भगृह का निर्माण

**संवाददाता—अयोध्या।** राम मंदिर के भूतल के गर्भगृह की तरह प्रथम तल का गर्भगृह भी अष्टकोणीय ही बन रहा है। मंदिर निर्माण की एजेंसी एलएण्डटी के परियोजना निदेशक वीके मेहता के दावे के अनुसार प्रथम तल का स्ट्रक्चर लगभग पूरा हो गया है। वह कहते हैं कि फ्लोरिंग व दरवाजे का काम शेष हैं। बताया गया कि फ्लोरिंग का काम शुरू हो गया है और दरवाजों के निर्माण का काम रामसेवकपुरम में चल रहा है। बताया गया कि भूतल में 18 दरवाजे लगाए गये है जो कि अलग—अलग चार तरह के है। इन चारों तरह के अलग—अलग दरवाजों की डिजाइन भी अलग—अलग हैं। उसी तरह से प्रथम तल व द्वितीय तल इन दोनों में 12—12 दरवाजे लगाए जाएंगे। यह सभी दरवाजे स्वर्ण जड़ित होंगे जो कि दिल्ली स्थित ज्वेलर्स की ओर से दरवाजों पर जड़े जाएंगे। इसके पहले रामसेवकपुरम में निर्माणाधीन दरवाजों की जिम्मेदारी मेसर्स अनुराधा इंटरनेशनल टिम्बर, हैदराबाद, तेलंगाना को दी गई है। इस एजेंसी के निदेशक शरद बाबू ने बताया कि भूतल की तरह ही प्रथम व द्वितीय तल के दरवाजों में तीन अलग—अलग डिजाइन के होंगे। बताया गया कि इनका निर्माण भी कन्याकुमारी तमिलनाडु के ही कारीगरों के द्वारा किया जा रहा है।

# घटतौली का शिकार हो रहे उपभोक्ता

**संवाददाता—बस्ती।** ग्रामीण क्षेत्रों में घटतौली के मामले बढते ही जा रहे हैं। इक्कसवी सदी में भी ईट, पत्थर के बटखरों से तौल खुले आम जारी है। माप बांट विभाग के लापरवाही के चलते मुंडेरवा,बरडाड,देईसांड, बनकटी,महादेवा ,कुरियार, पाकरडाड, महसों, हल्लौर, पकरीचंदा, पक्का बाजार, बरहुंआ, गेल्हापार, मुरादपुर, खोरिया ,रौतापार, आदि चौराहों पर लगे बाजारों में दो चार को छोड़कर बगैर नंबरिंग के देसी कांटों से ताल हो रही है । इससे उपभोक्ता घटतौली के शिकार हो रहे हैं। देईसांड निवासी बाबूराम चौधरी, राम किशुन चौधरी, ने बताया की दुकानदार बाजारों में प्याज, टमाटर, आलू, हरी सब्जी फल सहित दुकान लगाते हैं एक दो को छोड़कर किसी के पास इलेक्ट्रॉनिक कांटा नहीं रहता है।

# गोली मारकर युवक की हत्या, दोस्तों के साथ बैठकर पी रहा था शराब






**संवाददाता–गोरखपुर।** राजघाट थानाक्षेत्र के अमरुदमंडी में बीती देर रात युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक शशांक पांडेय नौसढ़ के पास भिलौरा गांव का रहने वाला था। गांव वालों ने बताया कि शशांक और गांव का ही एक लड़का साथ में गांव से देर शाम बाहर निकले थे। बताया जाता है की अमरुतानी में दोस्तों के साथ सब बैठकर शराब पिए। किसी बात पर विवाद में गोली चल गई और शशांक की मौके पर मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि साथ वाले लड़के की मां ने शशांक के घर फोन कर सूचना दी कि कहीं गोली चल गई है, दिखवा लीजिए। परिजनों के साथ ही गांव वाला वो युवक और उसकी मां भी शशांक के परिजनों के साथ उसकी तलाश करने निकले।

तकरीबन रात डेढ़ बजे शव मिलने के बाद से गांव को दूसरा युवक और उसके परिजन लापता हैं। जबकि, शव मिलने पर परिजन स्कूटी से लेकर शशांक को जिला अस्पताल पहुंचे। वहां जाकर पता चला कि पहले ही मौत हो चुकी है। इसी के साथ परिजनों ने पुलिस को भी सूचना दी। सीओ कोतवाली गौरव त्रिपाठी सूचना पर सुबह चार से पांच बजे घटनास्थल पर पहुंचे। शव को पीएम के लिए भेज दिया। बताया कि युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। परिजनों के द्वारा बताए संदिग्ध की तलाश की जा रही है। जल्दी ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# नफरत फैला रहे हैं मोदी– मनमोहन सिंह



नई दिल्ली (आभा)। लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी यानी सातवें चरण से पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने गुरुवार को पंजाब के लोगों को संबोधित करते हुए एक खत लिखा है। इस दौरान उन्होंने मौजूदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा पंजाब और उसके निवासियों के साथ किए जा रहे व्यवहार पर चिंता व्यक्त की। डॉ. मनमोहन सिंह ने पत्र में कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान मोदी ने सर्वाधिक नफरत फैलाने वाले द्वेषपूर्ण भाषण दिए हैं, जो पूरी तरह विभाजनकारी प्रकृति के हैं। उन्होंने कहा कि अतीत में किसी भी प्रधानमंत्री ने समाज के किसी विशेष वर्ग या विपक्ष को निशाना बनाने के लिए ऐसे घृणित, असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया।

पूर्व पीएम ने लिखा, 'मैं इस चुनाव अभियान के दौरान राजनीतिक चर्चाओं को बहुत ध्यान से देख रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद घृणास्पद भाषण दिए हैं, जो पूरी तरह से विभाजनकारी हैं। मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सार्वजनिक संवाद और प्रधानमंत्री पद की गंभीरता को कम किया है। इससे पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने किसी खास वर्ग या विपक्ष को निशाना बनाने के लिए इतनी घृणित, असंसदीय और निम्नस्तरीय भाषा का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने मेरे लिए भी कुछ गलत बयान दिए हैं। मैंने अपने जीवन में कभी भी एक समुदाय को दूसरे से अलग नहीं किया। यह भाजपा की आदत है। मनमोहन सिंह ने लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत एक जून को होने वाले मतदान से पहले पंजाब के मतदाताओं से अपील करते हुए दावा किया कि केवल कांग्रेस ही है जो ऐसा विकासोन्मुख प्रगतिशील भविष्य सुनिश्चित कर सकती है, जहां लोकतंत्र और संविधान की रक्षा होगी। पंजाब के मतदाताओं को लिखे एक पत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सशस्त्र बलों पर अग्निवीर योजना थोपने का भी आरोप लगाया और कहा, ''भाजपा सोचती है कि देशभक्ति, शौर्य और सेवा का मूल्य केवल चार साल है। यह उनके नकली राष्ट्रवाद को दर्शाता है।''

पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, ''अतीत में किसी भी प्रधानमंत्री ने समाज के किसी खास वर्ग या विपक्ष को निशाना बनाने के मकसद से इस तरह के द्वेषपूर्ण, असंसदीय और असभ्य शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने मेरे लिए कुछ गलत बयान भी दिए हैं। मैंने अपने जीवन में कभी भी एक समुदाय को दूसरे से अलग नहीं किया है। इस पर भाजपा का एकमात्र कॉपीराइट है।'' मोदी ने सिंह पर आरोप लगाया था कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। सिंह ने कहा कि भारत के लोग यह सब देख रहे हैं। उन्होंने कहा, ''अमानवीकरण की यह कथा अब अपने चरम पर पहुंच गई है। अब यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने प्यारे राष्ट्र को इन विभाजनकारी ताकतों से बचाएं।''

# हिन्दी पत्रकारिता के अतीत और वर्तमान पर विमर्श




**संवाददाता–बस्ती।** हिन्दी पत्रकारिता का वर्तमान और भविष्य दोनो अच्छा है। पत्रकारों को अपना चाल चरित्र और चेहरा सुधारना होगा। यह बातें वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्रनाथ तिवारी ने कही। वे प्रेस क्लब सभागार में हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित 'पत्रकारिता का वर्तमान व अतीत' विषय पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होने कहा अभाव को स्वभाव बनाने वाले पत्रकार कभी सत्ता की दलाली नही करते, बल्कि अपने समाचारों, संपादकीय व समीक्षात्मक खबरों से सत्ता को रासता दिखाते हैं। लेकिन अहंकारी और शक्तिशाली सत्ता ने हमेशा उन्हे अपने पॉवर और धनबल के आगे नतमस्तक करने का प्रयास किया है। उन्होने यह भी कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कुछ पत्रकार देश में बंचे हैं जिनके ज़मीर का सौदा शक्तिशाली और अहंकारी सत्ता नही कर पा रही है। उन्होने ध्रुव राठी का नाम भी लिया।

वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चन्द पाण्डेय ने कहा अखबारों के सामने चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। बड़े समाचार माध्यम सत्ता की आवाज में आवाज मिलाने में विश्वास करते हैं और छोटे मझोले समाचार माध्यम हमेशा पीड़ित मानवता की पैरोकारी करते हैं, और ऐसे ही अखबारों के सामने चुनौतियां भी ज्यादा खड़ी की जा रही हैं। केडी मिश्रा ने हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत से लेकर वर्तमान तक के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा पत्रकारों को कम संसाधनों में जीवन जीने की आदत डालनी चाहिये।

वरिष्ठ पत्रकार मजहर आजाद ने कहा हिन्दी पत्रकारिता हमारे रगों मे रची बसी है। हम जिस क्षेत्र मे रहते हैं वहां हिन्दी का कोई विकल्प नही है। इसका भविष्य बेहतर है। जयंत मिश्रा ने कहा पत्रकारों को लिखने पढ़ने की आदत डालनी होगी। कई बार ऐसा होता है जब विषय की जानकारी न होने पर पत्रकार को सार्वजनिक रूप से शर्मिन्दा होना पड़ता है।

कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय ने किया। उन्होने कहा बस्ती की पत्रकारिता उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा समृद्ध है। यहां पत्रकारों में एकजुटता भी है और विषय की जानकारी भी। अध्यक्षता कर रहे प्रकाश चन्द गुप्ता ने कहा हिन्दी पत्रकारिता का स्वर्णिम युग रहा है। वर्तमान में हिन्दी पत्रकारिता में उर्दू व अंग्रेजी शब्दों का समावेश देखने को मिलता है जिससे हिन्दी पत्रकारिता कमजोर होती है। उन्होने सभी को दिवस की शुभकामनायें दिया।

प्रेस क्लब महामंत्री महेन्द्र तिवारी ने कहा हिन्दी पत्रकारिता जितना सशक्त कोई दूसरा माध्यम नही है। संकट सिर्फ विश्वास का है। पत्रकार जन सामान्य का विश्वास खोते जा रहे हैं। समाज या सत्ता के ताकतवर लोग हमेशा मिडिया को दबाने करते हैं लेकिन पीड़ितों, सताये गये लोगों के विश्वास और आशीर्वाद से पत्रकार किसी से भी टकराने का साहस रखता था। मौजूदा परिवेश ऐसा है जिसमे पत्रकार के साथ न ताकतवर लोग हैं और न ही पीड़ित, शोषित जनता। इसलिये हमे सबसे पहले अपने आचरण का मूल्यांकन करना होगा।

सहायक सूचना निदेशक प्रभाकर तिवारी ने बस्ती के पत्रकारिता की सराहना की। उन्होने कहा हमारे सेवाकाल में सबसे ज्यादा बस्ती की सेवा यादगार रहेगी। सभी पत्रकारों ने सहायक सूचना निदेश का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हे अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह देकर उनके उज्ज्वल भविष्य व स्वस्थ जीवन की कामना किया। उन्होने पत्रकार राहत कोष में योगदान भी दिया। वे 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार पुनीत दत्त ओझा, प्रदीप चन्द पाण्डेय, सरदार जगवीर सिंह, चन्द्रप्रकाश शर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम में अनुराग श्रीवास्तव, रामकुमार, कौशल किशोर ओझा, अशोक श्रीवास्तव, वशिष्ठ पाण्डेय, राजेन्द्र उपाध्याय, राकेश चन्द श्रीवास्तव, रामधीरज सिंह, अरूणेश श्रीवास्तव, तबरेज आलम, लवकुश सिंह, अभिषेक गौतम, सर्वेश श्रीवास्तव, चन्द्रमोहन लाल, राकेश गिरि, सुनील मिश्रा, दिनेश सिंह, ओम शुक्ल, सुदृष्टि नारायण, गोकरण नारायण पाण्डेय, संदीप गोयल, ओमप्रकाश पाण्डेय, दिनेश कुमार पाण्डेय, दिलीप पाण्डेय, ब्रह्मसेवक पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव,संजय विश्वकर्मा, वीके त्रिपाठी, हरिओम लल्ला, संतोष श्रीवास्तव, संदीप ओझा, राघवेन्द्र सिंह, लवकुश यादव, शिवप्रकाश गौड़, शिवराज सिंह, अश्वनी शुक्ला, सुबाष पाण्डेय, राधेश्याम दूबे, राकेश तिवारी, सुरेश सिंह गौतम, आशुतोष नारायण पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# जीवन जीने की कला है स्काउटिंग –ज्ञानेश

**संवाददाता–गोण्डा।** स्काउटिंग जीवन जीने की एक कला है। इससे छात्र–छात्राओं में नेतृत्व की क्षमता पैदा होती है। यह बातें शुक्रवार को फातिमा इंटर कालेज में आयोजित दस दिवसीय शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला स्काउट कमिश्नर ज्ञानेश गुप्ता ने कही। कार्यक्रम का संचालन गाइड अध्यापिका वंदना शुक्ला ने किया। विशिष्ट अतिथि व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कथक नृत्यांगना ज्योति किरन रतन व मीसा रत्न, अरुण डेविड को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सबसे पहले छात्रा कृष्णा कसौधन की टीम में शामिल छात्र–छात्राओं ने प्रार्थना, सरस्वती वंदना, गुरु वंदना प्रस्तुत किया। स्कूल में आयोजित शिविर स्काउट गाइड प्रशिक्षक दिव्यांशु श्रीवास्तव के नेतृत्व बच्चों ने प्राथमिक उपचार, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी समझते हुए पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया।

# गर्मी से बेहोश हुए अधिवक्ता की हार्ट अटैक से मौत



**संवाददाता–श्रावस्ती।** श्रावस्ती कचहरी में एक अधिवक्ता अचानक बेहोश हो गए। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। दीवानी न्यायालय परिसर में गुरुवार भीषण गर्मी के कारण एक वरिष्ठ अधिवक्ता बेहोश हो गया। जिसे साथी अधिवक्ताओं ने चौकी पर लिटाकर उस पर पानी का छिड़काव किया। इस दौरान तलाश के बाद भी न्यायालय में तैनात चिकित्सक के न मिलने पर उन्हें संयुक्त जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोठवा के मजरा चौलाही निवासी चंद्र कुमार पाठक (65) पुत्र मनीराम पाठक पेशे से अधिवक्ता थे। प्रतिदिन की भांति गुरुवार को वह भिनगा कचहरी आए थे। जहां वह अपना कचहरी का काम निपटा रहे थे। दोपहर बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर गए साथ में मौजूद अधिवक्ताओं ने उन्हें चौकी पर ले जाकर लिटाया। इस दौरान उन पर पानी का छिड़काव करने के साथ ही हाथ पंखे से हवा भी किया। इस दौरान साथी अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में तैनात चिकित्सक से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। इस पर अधिवक्ता उन्हें एंबुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। चिकित्सकों के अनुसार, अधिवक्ता की मौत का कारण हार्ट अटैक था। अधिवक्ता की मौत की सूचना के बाद सभी अधिवक्ता अस्पताल पहुंच गए।

# जम्मू–कश्मीर गए तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, हाथरस के 21 यात्रियों की मौत



जम्मू (आभा)। उत्तर प्रदेश के हाथरस से यात्रियों को लेकर आ रही एक बस जम्मू के अखनूर के टांडा क्षेत्र में सड़क से उतरकर गहरी खाई में गिर गई, जिससे 21 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के कालीधार इलाके में हुई। बस करीब 150 फीट नीचे खाई में लुढ़क गई थी।

जम्मू के जिला मजिस्ट्रेट ने एक्स पर बताया, 'उत्तर प्रदेश के हाथरस से यात्रियों को लेकर जा रही एक बस जम्मू के अखनूर के टांडा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। बचाव अभियान जारी है। वाहन तीर्थयात्रियों को शिव खोरी क्षेत्र ले जा रहा था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'जम्मू के पास अखनूर में हुई बस दुर्घटना में लोगों की मौत का समाचार मिला। इस क्षति को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।'

घायलों को अखनूर अस्पताल और जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक नरिंदर सिंह ने कहा, 'सीएसई अखनूर को पहले मृतकों की जानकारी मिल गई है। उन्होंने बताया है कि वे लगभग 20–25 मरीज भेजेंगे, जिनमें से 16 मरीज पहले ही आ चुके हैं। यह एक पर्यटक वाहन था और ये लोग (यात्री) जम्मू के नहीं हैं, वे बाहर से हैं।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उत्तरप्रदेश के हाथरस की यह बस हरियाणा के कुरुक्षेत्र से शिवखोड़ी धाम जा रही थी। शिवखोड़ी धाम, जम्मू संभाग के रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा थित माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है।

जानकारी के अनुसार, बस का नंबर है– यूपी 86ईसी 4078 बताया गया है। यह बस अखनूर के टूंगी मोड़ में गहरी खाई में जा गिरी। इस तीखे मोड़ पर सामने से आ रही एक बस के आने से हादसे वाली बस का चालक का संतुलन बिगड़ा गया और यह हादसा हो गया। बस के गिरते ही चीख–पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। तुरंत में राहत और बचाव अभियान चलाया गया।

बस के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सड़कों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही।

अस्पताल में हादसे की खबर के साथ ही स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया। घायलों के पहुंचने के साथ ही यहां उपचार शुरू कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसी जम्मू रेफर किया गया। जीएमसी जम्मू में डॉक्टरों की अलर्ट टीम ने मोर्चा संभालते हुए पहुंचे हुए घायलों का तुरंत इलाज शुरू कर दिया ।

बस में लगभग 75 से अधिक यात्री सवार थे। मौके पर एसडीएम अखनूर लेख राज, एसडीपीओ अखनूर मोहन शर्मा, थानाप्रभारी अखनूर तारिक अहमद मोके पर बचाव कार्य मे जुटे हुए हैं। एसएसपी जम्मू व अन्य वरिष्ट अधिकारी भी मौके पर पहुंचे ।

सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) जम्मू में घायलों का हाल जानने के जिला उपायुक्त सचिन कुमार वैश्य पहुंचे। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायलों का इलाज चल रहा है।

# नकब काटकर लाखों की चोरी



**संवाददाता–देवरिया।** थाना क्षेत्र के बेलही गांव के खुशी टोले पर एक मकान का अज्ञात चोरों ने घर के पीछे से नकब काटकर घर में रखा सारा सामान उठा ले गये।सुबह जब परिजन घर की हालत देखे तो आवक रह गए। सूचना पाकर पहुँची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी। बेलही गांव के खुशी टोला निवासी नगीना यादव गांव के बाहर अपना मकान बनाकर सपरिवार रहते हैं। बुधवार को भोजन करने के बाद सपरिवार गर्मी के चलते छत पर सोने चले गए इसी बीच मौका पाकर अज्ञात चोर घर के पीछे नकब काटकर अंदर प्रवेश कर गए घर में रखा लगभग 2 लाख का जेवर लेकर चले गये।सुबह परिजन जब उठकर नीचे आए तो घर की हालत देख आवक रह गए इसी बीच गांव के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। समान गांव के पश्चिम एक गन्ने खेत में बिखरा पड़ा था जिसमें से जेवर उठा ले गए थे तथा कपड़ा लता वहीं फेंक दिए थे। सूचना पाकर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई । इस संबंध में प्रभारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस गई थी ।तहरीर मिली है कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध मेडिकल स्टोर पर छापा, एक लाख की दवाइयां सीज



**संवाददाता–गोण्डा।** बलरामपुर जिले में अवैध रूप से चल रहे मेडिकल स्टोर पर छापेमारी करके ड्रग इंस्पेक्टर की टीम ने एक लाख रुपये से अधिक की ऐलोपैथिक दवाइयां सीज कर दी हैं। साथ ही चार नमूने जांच के लिए भरे गए हैं। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद उसके खिलाफ कार्यवाही होगी।

सहायक आयुक्त (औषधि) देवीपाटन मंडल मनोज कुमार ने बताया कि इस संबंध में गुप्त सूचना मिली थी। इस पर ड्रग इंस्पेक्टर गोंडा राजिया बानो और ड्रग इंस्पेक्टर बलरामपुर आलोक कुमार त्रिवेदी ने संयुक्त रूप से थाना धानेपुर की फोर्स के साथ ग्राम पूरे तेंदुआ, कुतुबगंज बाजार में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। बताया जा रहा है कि यह मेडिकल स्टोर राजेश यादव पुत्र अशर्फी लाल निवासी मौजा देवारी खेरा, थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर द्वारा संचालित किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान करीब एक लाख 1485 रुपये की एलोपैथिक दवाइयां सीज कर दी गईं। साथ ही चार नमूने जांच के लिए भरे गए।

# विश्व हिन्दू महासंघ 11 जून को मनायेगा योगी आदित्यनाथ का 52 वां जन्म दिन



**संवाददाता–बस्ती।** गुरूवार को विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में महासंघ की बैठक जिला अस्पताल के निकट स्थित जिला कार्यालय सुलक्ष्मी टावर पर सम्पन्न हुई। बैठक में गोरक्ष पीठाधीश्वर परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज जी के 52 वें जन्मोत्सव पर 11 जून को होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा पर विचार किया गया।

महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा प्रति वर्ष योगी आदित्यनाथ जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाता है। वर्तमान में वे उत्तर प्रदेश के दूसरी बार मुख्यमंत्री हैं और लोकसभा के चुनाव में उन्होने भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिये पूरी ताकत झोंक दिया। बताया कि आगामी 11 जून को दोपहर 2 बजे कार्यक्रम संयोजक एवं परसरामपुर के ब्लॉक अध्यक्ष जगत मोहन सिंह 'बिक्कु' के संयोजन में मनाया जायेगा। बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के दिशा निर्देश के अनुरूप बस्ती के साथ ही प्रदेश भर में गोरक्ष पीठाधीश्वर परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज का 52 वां जन्म दिन उल्लास के साथ मनाया जायेगा। जन्मोत्सव के तैयारी बैठक में मुख्य रूप से सौरभ तिवारी, विजय शंकर शुक्ला, अमरजीत सिंह, पलटू राम चौहान, मुन्ना सिंह, परमानन्द गुप्ता, विष्णु प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह 'दीपू', बाबा जयप्रकाश दास, शैलेंद्र प्रताप सिंह, अमरजीत यादव, जगत मोहन सिंह बीकू, रूप नारायण गौड़, राहुल श्रीवास्तव, अमरदीप श्रीवास्तव, उदय सिंह चौधरी, राघवेंद्र विश्वकर्मा, राकेश सिंह, वरुण तिवारी राजकुमार विश्वकर्मा, राम सिंह जयप्रकाश किशन गुप्ता संदीप मनीष पाण्डेय, वेद प्रकाश, विवेक सिंह, संदीप गुप्ता के साथ ही विश्व हिन्दू महासंघ के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंचायत सहायक का मानदेय भुगतान न करना प्रधान की बन सकता है गले की फांस

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** डीपीआरओ अविनाश कुमार ने बताया कि विकास खंड बघौली के जंगल कला निवासी देवेंद्र कुमार कन्नोजिया ने डीएम को शिकायती पत्र दिया। जिसमें कहा कि वह जंगल कला में पंचायत सहायक के पद पर तैनात है। उनके जरिए सुचारु रूप से कार्य किया जा रहा है,लेकिन 15 महीने से मानदेय नहीं मिला है। डीएम ने उक्त शिकायत की जांच एडीओ पंचायत बघौली से कराया। एडीओ पंचायत के जरिए आंख्या दी गई कि सचिव ने अवगत कराया है कि अक्तूबर 2022 से सितंबर 2023 तक कुल 11 महीने का डोंगल लगा दिया गया है,लेकिन प्रधान ने पंचायत सहायक के मानदेय बाउचर पर डोंगल लगाने से इनकार कर दिया। डीएम ने 14 जनवरी 2024 को प्रधान संध्या देवी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा। प्रधान ने जवाब दिया। जिसमें कहा कि पंचायत सहायक कभी पंचायत भवन पर नहीं बैठते हैं,केवल ऑनलाइन हाजिरी लगाते हैं। एक प्राइवेट कंप्यूटर की दुकान पर काम करते हैं। ग्राम पंचायत में राजनीतिक रूप से सक्रिय रहते हैं। जिससे हमेशा विवाद बना रहता है। प्रधान ने शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार तत्समय ग्राम पंचायत की बैठक कराकर पंचायत सहायक के उक्त कृत्य के लिए कार्रवाई नहीं की गई। प्रधान के जरिए अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही शासनादेश के विपरीत कार्य किया जा रहा है।

# राम मंदिर में वीआईपी दर्शन के नाम पर नया खेल शुरू, रामजन्मभूमि थाने की पुलिस ने शुरू की जांच



**संवाददाता–अयोध्या।** राम मंदिर में वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर एक नया खेल शुरू हो गया है। राम मंदिर में सुगम दर्शन के लिए राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से पास बनाए जाते हैं। ट्रस्ट की ओर से सुगम व विशिष्ट दर्शन पास बनाए जा रहे हैं। इस पास से दर्शन के लिए बाकायदा पालियों का भी निर्धारण किया गया है। निर्धारित पाली में ही दर्शन मिलता है। अब पास को एडिट कर वीआईपी दर्शन कराने का खेल सामने आया है। इससे पहले भी राममंदिर में पैसे लेकर वीआईपी दर्शन कराने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। थाना रामजन्मभूमि के एसओ देवेंद्र पांडेय ने बताया कि इस तरह की कुछ सूचनाएं मिली थीं, मामले की जांच की जा रही है।

# दो की मौतः भाजपा सांसद बृजभूषण ने बेटे के बचाव में दिया बयान, बोले -जिम्मेदारी मेरा बेटा नहीं ड्राइवर लेगा



**संवाददाता–गोण्डा।** बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह अपने बेटे और भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के काफिले से दो युवकों की मौत और एक महिला के घायल होने के बाद से विपक्ष के निशाने पर हैं। पिता और बेटे ने अब चुप्पी तोड़ी है। बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह अपने बेटे और भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के काफिले से दो युवकों की मौत और एक महिला के घायल होने के बाद से विपक्ष के निशाने पर हैं। चारोंतरफा घेरेबंदी बढ़ने पर घटना के 24 घंटे बाद न सिर्फ करण भूषण सामने आए हैं बल्कि खुद बृजभूषण का वीडियो संदेश वायरल हो रहा है। इसमें दोनों पिता और बेटे हादसे पर खुद का बचाव करने के साथ ही बताया है कि पूरी घटना किन परिस्थितियों में हुई। काफिले को लेकर मीडिया में चल रही कुछ बातों का भी करण भूषण ने खंडन किया है। बृजभूषण ने यह भी कहा कि करण किसी तरह दोषी नहीं है। घटना की जिम्मेदारी गाड़ी चला रहे ड्राइवर ने ले ली है। उसे पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। बुधवार की दोपहर करण भूषण सिंह के काफिले में शामिल फॉर्च्युनर से कुचलकर दो युवकों की मौत हो गई थी और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। हादसे पर बृजभूषण ने कहा कि जो भी हुआ वह बहुत दुखद हुआ। ऐसा नहीं होना चाहिए था। पुलिस ने आरोपी ड्राईवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूरे हादसे की जिम्मेदारी लेने के सवाल पर कहा कि मेरे बेटे की गाड़ी काफी आगे चल रही थी। हादसे वाली गाड़ी और मेरे बेटे की गाड़ी के बीच करीब तीन–चार किलोमीटर का फासला था। जिम्मेदारी मेरे बेटे की नहीं है। इसकी जिम्मेदारी ड्राइवर लेगा और उसी की जिम्मेदारी भी है।

वहीं बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण ने कहा कि मीडिया ने मुझे आरोपी की तरह दिखाया। सच यह है कि जब मुझे हादसे का पता चला उस वक्त मैं 4 से 5 किलोमीटर आगे निकलकर कार्यक्रम में पहुंच चुका था। करण ने यह भी कहा कि काफिला जैसा कुछ भी नहीं था। मैं 4 गाड़ियों को लेकर एक कार्यक्रम में बहराइच जा रहा था। करनैलगंज क्रॉसिंग से 4–5 किमी आगे जाने पर मेरे पास फोन आया कि गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। जैसे ही पता लगा मैंने तुरंत अपनी गाड़ी भेजी। घायलों को उस गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। मुझे मीडिया में बहुत बड़ा आरोपी दिखाया गया। अभी मेरा राजनीतिक करियर शुरू भी नहीं हुआ है। करण और उनके पिता बृजभूषण दोनों ने घटना के बारे में बताया कि एक महिला रोड क्रॉस कर रही थी। उस महिला से बाइक से आ रहे युवकों का एक्सीडेंट हुआ। इसके बाद बाइक अनियंत्रित होकर दूसरी साइड में गिर गई। जैसे ही बाइक के साथ दोनों युवक गिरे हम लोगों की गाड़ी से एक्सीडेंट हो गया। मीडिया में दिखाया जा रहा है 3 लोगों को रौंदा, जबकि ऐसा नहीं हुआ था। करण ने कहा कि हादसे के समय मेरे वहां होने की बात कही जा रही है। मैं तब कार्यक्रम में पहुंच चुका था। मेरी पीड़ित परिवार के साथ संवेदनाएं हैं। पुलिस ने अपना काम करते हुए गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। ड्राइवर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

# अभिकर्ताओं को सुबह पांच बजे पहुंचना होगा मतगणना स्थल

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** मतगणना को लेकर जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक किया। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इसमें सभी को मतगणना कार्यो के संबंध में की जाने वाली तैयारियों से संबंधित एवं मतगणना प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का पालन करने आदि से सम्बंधित जरूरी निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि जनपद के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों खलीलाबाद, मेंहदावल एवं धनघटा में सम्पन्न मतदान की मतगणना चार जून को हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में होगी। मतगणना सुबह आठ बजे से प्रारम्भ होगी। इसके लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार अलग–अलग मतगणना हाल में ईवीएम की मतगणना के लिए 14 टेबल निर्धारित किए गए हैं। सभी प्रत्याशी अपने मतगणना एजेण्ट बनाने के लिए फार्म–18 पर आवेदन कर दें, जिससे मतगणना से तीन दिन पहले प्राप्त आवेदन पर मतगणना एजेण्ट बना दिए जाएं। नियुक्त किये गये अभिकर्ता मतगणना के दिन प्रातः पांच बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे। उनकी उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। मतगणना अभिकर्ता को अपने साथ पेन, पेंसिल, सादा कागज, नोटपैड एवं 17 ग की डुप्लीकेट प्रति ले जाने की अनुमति होगी। अन्य कोई भी सामान ले जाने की अनुमति नहीं होगी। कोई भी अभ्यर्थी, गणना अभिकर्ता अपने साथ कोई आग्नेयास्त्र एवं मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट अथवा पानी की बोतल आदि लेकर मतगणना हाल में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना परिणाम लाउडस्पीकर से घोषित किया जायेगा, मतगणना केन्द्र से 200 मीटर की परिधि के भीतर उम्मीदवारों, उनके निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता मतगणना कार्मिक, सुरक्षा कर्मियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य सभी का प्रवेश वर्जित होगा। इस अवसर पर बसपा प्रत्याशी नदीम अशरफ, भाजपा प्रत्याशी प्रतिनिधि कमलेश, सपा प्रत्याशी प्रतिनिधि प्रमोद कुमार, पूर्व प्रदेश सचिव सपा रामदरश यादव, प्रगतिशील समाज पार्टी के प्रत्याशी धीरज श्रीवास्तव, निर्दलीय प्रत्याशी सत्यवन्त प्रताप सिंह, रामकृष्ण द्विवेदी आदि मौजूद रहे। डीएम ने बताया कि मतगणना परिणाम की घोषणा के उपरांत विजयी प्रत्याशी द्वारा कोई विजय जुलूस नहीं निकला जाएगा। संपूर्ण जनपद में पूर्व से ही आदर्श आचार संहिता एवं धारा–144 प्रभावी है। मतगणना के दिन प्रत्येक मतगणना अभिकर्ता को अपने पास मतगणना पास रखना अनिवार्य होगा, मतगणना पास के बिना मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# सेवानिवृत्त सहायक सूचना निदेशक प्रभाकर तिवारी को दिया भावभीनी विदाई



**संवाददाता–बस्ती।** सहायक निदेशक सूचना प्रभाकर तिवारी की अधिवर्षता आयु पूरी कर सेवानिवृत्त होने पर मण्डलीय सूचना कार्यालय में पत्रकारों तथा उनके सहकर्मियों द्वारा उपहार भेंटकर भावभीनी विदाई दी गयी।

उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक सतत प्रक्रिया है। श्री तिवारी का प्रेस के साथियों के साथ सहयोगात्मक भूमिका रही है। अब वे शासकीय दायित्वों से हटकर उनमुक्त जीवन शैली से कार्य करने के लिए स्वतंत्र हैं। पत्रकार सुरेश सिंह गौतम ने कहा कि शासकीय समाचारों को जारी करने में बड़ी लगन एवं तत्परता से जो कार्य श्री तिवारी ने किया है वह सराहनीय है।संचालन करते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय ने कहा है कि श्री तिवारी अपने कार्यकाल में पत्रकारों का पूर्ण सहयोग किया। इनके साथ जितना दिन मैंने कार्य किया बहुत कुछ इनसे सीखने को मिला है, ये मेरे बड़े भाई के सामान अभिभावक तुल्य है। श्री तिवारी प्रशासन और पत्रकारों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करते हुए सरकार की योजनाओं का प्रचार–प्रसार करने में अपनी अहम भूमिका निभायी। उपस्थित पत्रकार साथियों ने कहा कि समाचार सम्प्रेषण एवं कुशल लेखन हेतु हम सभी श्री तिवारी को सदैव अपने स्मृतियों में बसाये रखेंगे तथा प्रयास हो कि हमेशा जुड़े रहें। उपस्थित पत्रकारों एवं सहकर्मियों ने उनके सुखमय जीवन की मंगल कामना किया।

इस मौके पर पत्रकार कौशल ओझा, सर्वेश श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, जयप्रकाश उपाध्याय, अनुराग श्रीवास्तव, लवकुश सिंह, एस0के0 गौड़, अनिल श्रीवास्तव, तबरेज आलम के साथ ही विभागीय कर्मी अपर सूचना अधिकारी हितेन्द्र चौधरी, अश्वनी तिवारी, ओमप्रकाश, जगदीश, अब्दुल हक, विद्यावती, लालजी शुक्ल, अनिल सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 13 जुलाई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** आगामी 13 जुलाई को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने दी। उन्होंने बताया कि यह लोक अदालत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर लगाई जाएगी। जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है। लोक अदालत में पक्षकार स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दे सकता है। लोक अदालत में सुलह योग्य फौजदारी मामले, दीवानी वाद, भरण पोषण वाद, मोटर अधिनियम वाद, स्टांप व पंजीयन वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद , उपभोक्ता फोरम के मामलों के अतिरिक्त वैवाहिक एवं पारिवारिक मामलों का भी निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जा सकता है। ऐसे पारिवारिक मामलों जो किसी न्यायालय में लंबित नहीं है उसे प्री–लिटिगेशन स्तर पर पक्षकार द्वारा प्रार्थना पत्र देकर सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित कराया जा सकता है। लोक अदालत का आदेश सिविल न्यायालय की डिग्री के समान होगा । जिला जज ने जनपद की सम्मानित जनता से राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है ।

# अवैध कच्ची शराब के साथ गैंगस्टर गिरफ्तार,भेजा गया जेल

**संवाददाता–गोरखपुर।** गुलरिहा क्षेत्र के आयुष विश्वविद्यालय के पास गुरुवार की सुबह गुलरिहा पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने जांच के दौरान कच्ची शराब बेचने वाले एक एक गैंगस्टर को बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 60 लीटर कच्ची शराब, 750 ग्राम नौसादर, दो किलो यूरिया बरामद हुई। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस बाइक से कूदकर फरार होने वाले दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक लोकसभा चुनाव में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गुलरिहा पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम गुरुवार की सुबह आयुष विश्विद्यालय के पास चेकिंग कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर एक अपाची बाइक पर सवार दो युवक को पुलिस ने रोका तो एक युवक बाइक से कूदकर भाग निकला। दूसरे युवक को पुलिस ने दबोच लिया। उसकी पहचान पिपराइच क्षेत्र के अतरौलिया निवासी तूफानी निषाद के रूप में हुई।

पकड़ा गया अभियुक्त पिपराइच थाने का गैंगस्टर है। 2023 में पिपराइच पुलिस उसे अवैध शराब बनाकर बेचने के आरोप में जेल भेज चुकी है।

# पांडिचेरी की उप राज्यपाल किरण बेदी ने किए रामलला के दर्शन, बोलीं – ये मेरा सौभाग्य है



**संवाददाता–अयोध्या।** पांडिचेरी की उप राज्यपाल किरण बेदी बृहस्पतिवार को अयोध्या पहुंची। वह अपनी मां की बरसी के मौके पर रामलला के दर्शन करने आई हैं। किरण बेदी ने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि मुझे रामलला के दर्शन करने का मौका मिला। मैं प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बहुत आभारी हूं। उन सभी की आभारी हूं, जिनकी वजह से अयोध्या में राम मंदिर बना। यह भारतवर्ष का सौभाग्य है, हर भारतीय का सौभाग्य है। जो भगवान राम में विश्वास करता है, वह तो अपने जीवन में अयोध्या में रामलला का दर्शन करने जरूर आएगा।

अयोध्या एक तीर्थ स्थान बन गया है। बहुत दिनों बाद मैं अयोध्या आई हूं, मेरी मां की आत्मा को सुकून मिला होगा। पहले की अयोध्या में और अब की अयोध्या में जमीन–आसमान का अंतर हो गया है। जब भगवान रामलाल टेंट में थे, तब भी मैं एक बार आई थी और अब आई हूं। उन्होंने कहा कि हर भारतीय के लिए अयोध्या एक डेस्टिनेशन बन चुकी है, उनको अयोध्या आना ही आना है। जैसे हम लोग हरिद्वार हर की पैड़ी जाते हैं, अपने बड़ों की याद करते हैं, वैसे ही अयोध्या भी अब ऐसी जगह बन गई है।

डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.62 R.N.I. 40367/84

साप्ताहिक आवाज दर्पण प्रत्येक रविवार

**स्वत्वाधिकारी भारतीय बस्ती प्रकाशन की ओर से प्रकाशक एवं सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा 70 नया हाल जिला परिषद भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से प्रकाशित और मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस 70 नया हाल जिला परिषद भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित।**

**सम्पादक–दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–दिलीप चन्द्र पाण्डेय

मो.०६४५०५६७४५०

Email- Awazdarpan@yahoo.com